# नवोदय विद्यालय समिति परीक्षा, 2016

## टीजीटी (TGT) हिंदी

## व्याख्यात्मक हल प्रश्न - पत्र

**सीरीज × 1** **परीक्षा तिथि 11/12/2016**

**भाग - I (A)**
**सामान्य हिन्दी**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के (1 से 5 तक) सही विकल्पों का चयन कीजिए।**

विवेकशीलता का अर्थ है सही और गलत की पहचान कर पाना और फिर सही के समर्थन में गलत का विरोध करना। यही है वह पक्षधरता जो मनुष्य को जागरूक बनाती है। हमारी त्रासदी यह है कि दृष्टा भाव से जीने को हम एक दार्शनिक और आध्यात्मिक अर्थ देकर अनायास अपना बचाव कर लेते हैं। दृष्टा भाव से जीने का कुछ भी ऊंचा अर्थ होता हो, सही के पक्ष में खड़े होने की आवश्यकता और महत्ता उससे कम नहीं होती। आज सवाल मनुष्यता के अस्तित्व का है, मनुष्यता अर्थात वह भावना जो मानवीय आदर्शों से हमें जोड़ती है, जो यह अहसास कराती है कि मनुष्य होने के नाते हमारा यह कर्तव्य बनता है कि हम उचित के पक्ष में खड़े हों। अपने भीतर वह साहस पैदा करें जो अनुचित के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा बनता है। 'कोउ नृप होहि हमहिं का हानी' वाला मंथरा-दर्शन कुल मिलाकर हमें सजीव मनुष्य से निर्जीव वस्तु में ही परिणित करता है। अपने आप को निर्जीव वस्तु के रूप में देखना मनुष्य के लिए असंभव की हद तक मुश्किल है। लेकिन जब हम यह भूल जाते हैं कि सही-गलत की पहचान करके सही के साथ खड़े होना हमारी मनुष्यता का प्रमाण है, तो हमारे सजीव और सजग होने का अर्थ ही क्या रह जाता है? सवाल मनुष्योचित सजगता को जीवित रखने का है। कहीं भी, किसी भी तरह से यदि कुछ गलत हो रहा है, तो इस सजगता का तकाजा है कि हम अपना विरोध दर्ज कराएं स्वयं अपनी दृष्टि में मनुष्य बने रहने के लिए। यही है तटस्थता की विरुद्धता का दर्शन और यही हमारे मनुष्य होने का कारण भी है।

**1. 'दृष्टा भाव' का प्रयोग लोग अधिकतर किसलिए करते हैं?**
(a) आत्म-रक्षा के लिए
(b) अपनी कायरता छिपाने के लिए
(c) स्वयं को तटस्थ दिखाने के लिए
(d) किसी पचड़े में न पड़ने के लिए

**उत्तर—(c)**

'दृष्टा भाव' का प्रयोग लोग अधिकतर स्वयं को तटस्थ दिखाने के लिए करते हैं।

**2. लेखक को मंथरा-दर्शन क्यों अच्छा नहीं लगता?**
(a) स्वार्थ प्रेरित (b) कायरतापूर्ण
(c) संवेदनहीन (d) निर्जीव बनाता है

**उत्तर—(d)**

लेखक को मंथरा-दर्शन अच्छा नहीं लगता क्योंकि मंथरा-दर्शन कुल मिलाकर हमें सजीव मनुष्य से निर्जीव वस्तु में ही परिणित करता है।

**3. यहां ''तकाजा'' शब्द का अर्थ है -**
(a) शिकायत (b) मांग
(c) ऋण (d) देनदार

**उत्तर—(b)**

यहां ''तकाजा'' शब्द का अर्थ 'मांग' है। यह उर्दू शब्द है जिसका अर्थ होता है- किसी काम के लिए किसी से बराबर कहना। हिंदी में इसके अन्य अर्थ अनुस्मरण, संज्ञापन, ध्यानाकर्षण या स्मृति-पत्र हैं।

**4. लेखक को तटस्थता की विरुद्धता के दर्शन की आवश्यकता क्यों महसूस हुई?**
(a) समय की मांग
(b) अनेक वादों के प्रचार से बचने के लिए
(c) मानवता के संरक्षण के लिए
(d) अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए

**उत्तर—(c)**

तटस्थता की विरुद्धता के दर्शन की आवश्यकता मानवता के संरक्षण के लिए महसूस की गई।

**5. गद्यांश में पक्षधरता से क्या आशय है?**

(a) सही के समर्थन से
(b) गलत के विरोध से
(c) सही-गलत में पहचान न कर पाना
(d) सही के समर्थन में गलत का विरोध

**उत्तर—(d)**

गद्यांश में पक्षधरता का आशय सही के समर्थन में गलत का विरोध करना है।

**निम्नलिखित वाक्यों (6-15 तक) में से सही विकल्प का चयन कीजिए :**

**6.** (a) मेरे पिताजी के चित्र पर गुलाब की एक माला टंगी है।
(b) एक गुलाब की माला मेरे पिताजी के चित्र पर टंगी है।
(c) एक गुलाब की माला टंगी है मेरे पिताजी के चित्र पर।
(d) एक गुलाब की माला चित्र पर टंगी है मेरे पिताजी के।

**उत्तर—(a)**

शुद्ध वाक्य है-
मेरे पिताजी के चित्र पर गुलाब की एक माला टंगी है।
विकल्प (b), (c) और (d) के वाक्य में एक गुलाब की माला गलत है जबकि शुद्ध 'गुलाब की एक माला' होता है एवं इन विकल्पों में सार्थक पद समूह सुव्यवस्थित नहीं हैं।

**7.** (a) एक फूलों की माला लाओ।
(b) फूलों की एक माला लाओ।
(c) एक माला फूलों की लाओ।
(d) फूल की माला एक लाओ।

**उत्तर—(b)**

शुद्ध वाक्य है-
फूलों की एक माला लाओ।
विकल्प (a), (c) एवं (d) में एक फूलों की माला, एक माला फूलों की एवं फूल की माला एक सार्थक पद नहीं हैं। इसलिए ये वाक्य अशुद्ध हैं।

**8.** (a) उसे मृत्युदंड मिला है।
(b) उसे मृत्यु की सजा मिली है।
(c) उसे तत्काल मौत की सजा मिली है।
(d) उसे मृत्यु का दंड मिला है।

**उत्तर—(a)**

सही वाक्य है-
उसे मृत्युदंड मिला है।
विकल्प (b) में मृत्यु की सजा गलत है, इसकी जगह मौत की सजा होना चाहिए। विकल्प (c) में तत्काल शब्द का प्रयोग व्यर्थ है। विकल्प (d) में मृत्यु का दंड गलत है, इसकी जगह मृत्युदंड सही है।

**9.** (a) गाय का शुद्ध दूध यहां मिलता है।
(b) यहां गाय का शुद्ध दूध मिलता है।
(c) शुद्ध गाय का यहां दूध मिलता है।
(d) यहां मिलता है गाय का दूध शुद्ध।

**उत्तर—(b)**

शुद्ध वाक्य है-
यहां गाय का शुद्ध दूध मिलता है।
विकल्प (a) एवं (c) में 'यहां' स्थानवाचक क्रिया-विशेषण का प्रयोग सही क्रम से नहीं हुआ है। विकल्प (d) में सार्थक शब्द समूह सुव्यवस्थित नहीं है।

**10.** (a) उनके पास कोई भी सामान खाने के लिए नहीं है।
(b) कोई भी खाने का सामान उनके पास नहीं है।
(c) उनके पास खाने का कुछ भी सामान नहीं है।
(d) सामान नहीं है कोई भी उनके पास खाने का।

**उत्तर—(c)**

शुद्ध वाक्य है-
उनके पास खाने का कुछ भी सामान नहीं है।
विकल्प (a), (b) एवं (d) में कोई के साथ भी का प्रयोग अशुद्ध है। विकल्प (d) में शब्द समूह सुव्यवस्थित नहीं है।

**11.** (a) बाढ़ के प्रकोप से लोग तबाह हो गए।
(b) बाढ़ के प्रकोप से अनेक लोग तबाह हो गए।
(c) अनेक लोग तबाह हो गए बाढ़ के प्रकोप से।
(d) बाढ़ अनेकों लोगों को तबाह करती है।

**उत्तर—(a)**

शुद्ध वाक्य है-
बाढ़ के प्रकोप से लोग तबाह हो गए।
विकल्प (b), (c) और (d) में अनेक लोग दिया है जिसमें अनेक का अर्थ कई या बहुत सारे तथा लोग का अर्थ जनसमूह है। जिसमें अनेक का प्रयोग उचित नहीं है। विकल्प (d) में 'अनेकों' का सही प्रयोग नहीं हुआ है। अनेक स्वयं में बहुवचन शब्द है। नवोदय द्वारा जारी अंतिम उत्तर-पत्रक में इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (b) दिया गया है।

**12.** (a) आप नौ बजे के करीब आए होंगे।
(b) आप लगभग नौ बजे आए होंगे।
(c) आप लगभग नौ बजे आए हैं।
(d) करीब-करीब नौ बजे आप आए हैं।

**उत्तर—(b)**

शुद्ध वाक्य है-

आप लगभग नौ बजे आए होंगे।

विकल्प (a) एवं (d) में करीब शब्द का प्रयोग किया गया है जो गलत है। समय के साथ लगभग का प्रयोग किया जाता है। विकल्प (c) में आप लगभग नौ बजे आए हैं। यह वाक्य समय की पूर्ण जानकारी दे रहा है जबकि वाक्य में लगभग का प्रयोग किया गया है। इसलिए वाक्य अशुद्ध है। शुद्ध वाक्य है- आप नौ बजे आए हैं। नवोदय द्वारा जारी अंतिम उत्तर-पत्रक में इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (c) दिया गया है।

**13.** (a) उधार लेने वाले प्रायः ऋणदाता से मुँह हटाने लगते हैं।
(b) उधार लेने वाले प्रायः ऋणदाता से मुँह चुराने लगते हैं।
(c) उधार लेनेवाले प्रायः ऋणदाता से मुँह बनाने लगते हैं।
(d) उधार लेने वाले प्रायः ऋणदाता से हटाने लगते हैं।

**उत्तर—(b)**

शुद्ध वाक्य है-

उधार लेने वाले प्रायः ऋणदाता से मुँह चुराने लगते हैं।

विकल्प (a), (c) और (d) अशुद्ध हैं। विकल्प (a) में मुँह हटाने लगते हैं एवं विकल्प (c) में मुँह बनाने लगते हैं, में शब्द गलत प्रयोग किए गए हैं। विकल्प (d) में मुँह शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है। इसलिए वाक्य अशुद्ध है।

**14.** (a) देश पंडित नेहरू का सदा आभारी रहेगा।
(b) पंडित नेहरू का आभारी रहेगा सदा देश।
(c) पंडित नेहरू का देश रहेगा आभारी सदा।
(d) देश सदा आभारी रहेगा पंडित नेहरू का।

**उत्तर—(a)**

शुद्ध वाक्य है-

देश पंडित नेहरू का सदा आभारी रहेगा।

विकल्प (b), (c) और (d) में सार्थक पद समूह सुव्यवस्थित नहीं हैं।

**15.** (a) भारत में कई दर्शनीय स्थल योग्य हैं।
(b) भारत में कई स्थल दर्शनीय हैं।
(c) भारत में कई दर्शनीय स्थल हैं।
(d) देखने योग्य स्थल भारत में कई हैं।

**उत्तर—(c)**

शुद्ध वाक्य है-

भारत में कई दर्शनीय स्थल हैं।

विकल्प (a) में 'योग्य' शब्द का प्रयोग उचित नहीं है। विकल्प (b) में 'कई' शब्द अशुद्ध है एवं पद समूह सुव्यवस्थित नहीं है। विकल्प (d) भी सुव्यवस्थित नहीं है।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 16 से 20 तक के प्रश्नों के लिए सही विकल्पों का चयन कीजिए :**

'संस्कार' एक ऐसा शब्द है जिसका हम पोस्टमार्टम नहीं कर सकते। उसका रेशा-रेशा खोलकर नहीं दिखा सकते कि वह किन तत्वों से बना है। उसमें हमारी कितनी पुश्तों का योगदान है। एक तरह से वह हमारे मानसिक डी.एन.ए. की तरह है। कितने युगों, साधनों, स्मृतियों, परंपराओं के रासायनिक मिश्रण का योगफल। हमने उसे कब और कैसे पाया, उसमें से कितना अर्जित किया, कितना पुरखों के अनुग्रह से मिला, इसे जानना भी आसान नहीं। हमारे लिए यह जानना ज्यादा आसान है कि अंततः वही चीजें बचती हैं जो प्राणवान बनी रहें। सप्राण और निष्प्राण की पहचान हम चीजों के बढ़ने, पनपने की अंदरूनी ताकत से करते हैं। इस ताकत का होना या न होना ही विकसने-गिरने का **कारक कारण** है। बढ़ने की तरह चीजें घटती भी हैं। विकृत भी होती हैं। इस क्रिया की पहचान की महादेवी जी ने सुंदर व्याख्या की है। उनका कहना है, परिवर्तन हर चीज का नियम है। उसे तो हर हाल में होना ही है, पर परिवर्तन के दो रूप हैं- एक रूप है विकास, दूसरा रूप है विकृति। परिवर्तन दोनों दशाओं में होता है पर दोनों को एक ही श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। एक उन्नति का परिचायक है, दूसरा अवनति का। संस्कार को हम इसी तुला पर तौलते हैं- कौन-कौन सी चीजें, कौन-कौन से अनुभव, कौन से दृश्य, कौन-सी सूचनाएं हमें या हमारे व्यक्तित्व को आगे ले जाती हैं, कौन-सी पीछे। किन चीजों का फलयोग हमारे जीवन में उत्कर्ष की तरह सामने आता है, किनका अपकर्ष की तरह। रास्तों के चुनाव और अपनी संवेदना के इस्तेमाल के लिए यह समझ कारगर सिद्ध हो सकती है।

**16. 'संस्कार' शब्द को परिभाषित करना क्यों कठिन है?**
(a) शाब्दिक अर्थ कठिन है।
(b) यह एक लंबी प्रक्रिया का परिणाम है।
(c) संस्कार को समझना पेचीदा है।
(d) संस्कार का अर्थ रूढ़ परंपरा समझा जाता है।

**उत्तर—(b)**

संस्कार एक लंबी प्रक्रिया का परिणाम है। संस्कार शब्द को परिभाषित करना कठिन है क्योंकि हमने उसे कब और कैसे पाया, उसमें से कितना अर्जित किया, कितना पुरखों के अनुग्रह से मिला, इसे जानना भी आसान नहीं है।

**17. किसी वस्तु की चिरंतनता को हम किस तुला पर तौलते हैं?**

(a) लाभदायक - हानिकारक

(b) परिवर्तनयुक्त - परिवर्तनमुक्त

(c) विकसित - विकृत

(d) सुंदर - असुंदर

**उत्तर—(c)**

किसी वस्तु की चिरंतनता को हम 'विकसित - विकृत' की तुला पर तौलते हैं।

**18. परिवर्तन क्यों अनिवार्य है?**

(a) ऊब से बचने के लिए

(b) सतत विकास के लिए

(c) पीढ़ियों का अंतराल

(d) प्रकृति का नियम

**उत्तर—(b)**

परिवर्तन सतत विकास के लिए अनिवार्य है।

**19. सप्राण और निष्प्राण की पहचान है-**

(A) गतिशीलता व गतिहीनता

(B) विकासशीलता - विकृति

(C) बढ़ना या घटना

(D) ज्ञेय या अज्ञेय

उपर्युक्त विशेषताओं के आधार पर सही उत्तर है

(a) A, B, C

(b) B, C, D

(c) A, C, D

(d) A, B, D

**उत्तर—(a)**

सप्राण और निष्प्राण की पहचान गतिशीलता व गतिहीनता, विकासशीलता-विकृति, बढ़ना या घटना है।

**20. 'पोस्टमार्टम' का हिंदी पर्याय है-**

(a) जाँच-परख

(b) चीर-फाड़

(c) आलोचना

(d) समर्थन

**उत्तर—(b)**

यहां पोस्टमार्टम शब्द का हिन्दी पर्याय चीर-फाड़ है।

## भाग - I (B)
## GENERAL ENGLISH

**Directions for Q. Nos. 21 & 22 :** Which part of speech is the underlined word in each of the following sentences?

**21. They while away their evenings with books and games.**

(a) Verb (b) Adverb

(c) Preposition (d) Conjunction

**उत्तर—(a)**

वाक्य का रेखांकित अंश 'while' 'away' के साथ एक Phrasal verb के रूप में प्रयुक्त किया जाता है जिसका तात्पर्य है- Spend or pass, as with boredom or in a pleasant manner; of time; pass time in a leisurely manner; to spend time in a relaxed way because have nothing to do or you are waiting for something to happen.

Relative Adverb (during which)

Ex. The period while the animal remains alive.

Preposition (until)

Father will be happy while dinner time.

Conjunction

1. (during the time that; at the same time as) nothing much changed while he was away.
2. Whereas (indicating a contrast)
   One person wants out, while the other wants the relationship to continue.

Verb

1. (Pass time in a leisurely manner)
   A diversion to while away the long afternoons.

अत: रेखांकित वाक्यांश (Part of speech) 'while' वाक्य में phrasal verb (Verb) के रूप में प्रयुक्त हुआ है।

**22. He left his brother behind and came back alone.**

(a) Noun (b) Adverb

(c) Preposition (d) Adjective

**उत्तर—(b)**

वाक्य में प्रयुक्त रेखांकित वाक्यांश (Part of Speech) 'behind' Adverb (क्रिया-विशेषण) है।

Adverb - (In a particular place after leaving or after others have moved on; remaining in a place or condition that has been left or departed from)

Ex. 1. Don't leave me behind.
2. Left a family behind.
3. The children left their books behind.
4. He took of the sequel of tyres and left other cars for behind.
5. I left my gloves behind.
6. He came to Saudi Arabia, leaving behind is wife and their three children.

**Directions for Q. Nos. 23 & 24 :** Each of the following sentences has an error. Identify the part which has the error.

**23.** **<u>It was undoubtedly</u>/ <u>the best of</u> / <u>the two options</u> / <u>given to him</u>.**
**(a) (b) (c) (d)**

**उत्तर—(b)**

वाक्यांश (b) त्रुटिपूर्ण है। यहां 'best' (Superlative Degree) के स्थान पर 'better' (Comparative Degree) का प्रयोग उचित है।

नियम है कि दो व्यक्तियों या वस्तुओं के लिए Comparative Degree का प्रयोग किया जाता है तथा दो से अधिक के लिए Superlative Degree का प्रयोग होता है।

Ex. This is the <u>better</u> of the two books.

**24.** **<u>He was</u> / <u>the imaginative child</u> / <u>and would dream doing</u> / <u>great things</u>.**
**(a) (b) (c) (d)**

**उत्तर—(b)**

वाक्यांश (b) त्रुटिपूर्ण है। यहां शब्द 'imaginative' के पूर्व Article 'the' के स्थान पर 'an' का प्रयोग उचित है। क्योंकि शब्द 'imaginative' vowel 'i' से प्रारंभ हो रहा है।

**Directions for Q. Nos. 25 & 29 :** Read the passage given below and answer the questions/complete the statements with the help of the options that follow:

On 28 August, 1998, the statue of Birsa Munda was unveiled in the precincts of Parliament House by the President of India and Birsa Munda became the first tribal leader to join the galaxy of national leaders. The speeches delivered on the occasion described Birsa Munda as a "great social reformer", a "constructive genius" and above all an "enthusiastic nationalist", a "great freedom fighter", who "was like a 'Tulsi' plant grown in the premises of a household was ever ready to help others", an "exemplary son of mother India" who fought for her independence", an "emancipator of the Munda community in the long succession of Shri Ram, Shri Krishna and Jesus Christ", an "extraordinary statesman". The President of India Placed the man and his movement in perspective and described Birsa Munda as an "early advocate and exponent of tribal rights" and as an "indomitable fighter against foreign rule and opperssion". He led a movement which inter alia attracted a large number of women who suffered imprisonment, faced police bullets and embraced death. He underlined the relevance of the man and message for the tribals who are the protectors and preservers of "Jal, Jungle and Jantu", and appealed for the reexamination of the concept of development and progress for "truly" sustainable development."

The family of Birsa Munda is in disarray, living in penury. The Birsaites as a whole, persecuted, harassed and isolated deserve a new deal.

The Mundas are still generally a poor and backward people and therefore a suitable strategy of accelerated development of the area and the people should be framed. The naming of the institutions and public places after Birsa Munda has continued and while all political parties and social organisations vie with one another in paying their homage to the Munda leader, only a few have come up with a concrete programme to translate rhetoric into action.

**25.** **The best tribute to Birsa Munda would be to**

(a) bring the tribals in the mainstream.
(b) ensure sustainable development.
(c) bring about social reforms.
(d) industrialise the tribal belt.

**उत्तर—(b)**

लेखांश पठन के उपरांत ज्ञात होता है कि जनजातीय लोगों का क्रमिक (sustainable) विकास ही बिरसा मुंडा के लिए सर्वोत्तम श्रद्धांजलि (tribute) होगी। अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**26.** **Identify the statement which is false.**

(a) Birsa Munda was a freedom fighter.
(b) He was a great educationist.
(c) He was an exemplary son of Mother India.
(d) He was a great social reformer.

**उत्तर—(b)**

लेखांश पठन के उपरांत ज्ञात होता है कि बिरसा मुंडा एक महान स्वतंत्रता सेनानी (Freedom Fighter), भारत माता के एक अनुकरणीय (an exemplary) सपूत (son) एवं एक महान समाज सुधारक (social reformer) थे। परंतु वह एक महान शिक्षाविद् (Educationist) भी थे, ऐसा वर्णन लेखांश में नहीं है। इससे सिद्ध होता है कि विकल्प (b) में वर्णित कथन कि 'वह एक महान शिक्षाविद् भी थे' असत्य (False) है। अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**27.** **The author's attitude to political parties and social organisations is -**

(a) neutral (b) ambivalent
(c) critical (d) biased

**उत्तर—(c)**

लेखांश पठन के उपरांत ज्ञात होता है कि लेखांश की क्रमश: अंतिम छ: पंक्तियों में लेखक ने राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करने एवं उनके नाम से संस्थाओं तथा सार्वजनिक स्थलों का नामकरण (naming) करने को लेकर मची हुई होड़ के संदर्भ में उनकी तीखी अलोचना की है और कहा कि कुछ एक सामाजिक संगठनों एवं राजनीतिक दलों को चाहिए कि वे बिरसा मुंडा के प्रति अर्पित की जाने वाली आडंबरपूर्ण एवं दिखावे से युक्त श्रद्धांजलि को कार्यरूप में परिणत करें। इससे सिद्ध होता है कि बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के संदर्भ में उक्त राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों के प्रति लेखक का व्यवहार आलोचनात्मक (critical) है। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**28. The word 'homage' as used in the passage means**

(a) admiration (b) servility
(c) love (d) tribute

**उत्तर—(d)**

लेखांश में उल्लिखित शब्द 'homage' (श्रद्धांजलि) का तात्पर्य है 'Tribute' (श्रद्धांजलि)। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**29. To whom did Birsa Munda urge to preserve and protect, 'Jal, Jantu and Jungle'?**

(a) Social organisations (b) The common man
(c) The tribals (d) The government

**उत्तर—(c)**

लेखांश पठन के उपरांत ज्ञात होता है कि बिरसा मुंडा ने जनजातीय लोगों को 'Jal, Jantu और Jungle' की संरक्षा एवं सुरक्षा करने के लिए प्रेरित किया। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**Directions for Q. Nos. 30 & 34 :** Read the passage given below and answer the questions/complete the statements with the help of the most appropriate options that follow:

The man whose work made life easier for humankind had to pay a heavy price for his success. Faraday's last years were marked by physical and psychological exhaustion. He gradually lapsed into senility and passed away quietly on 25 August, 1867.

Faraday was possibly the greatest experimental scientist the world has ever known. But Faraday, the man, was just as great as Faraday, the scientist. His fight to overcome poverty, lack of education, ill-treatement and discouragement can be a source of inspiration to mankind for years to come. At one stage in his career he deliberately gave up working as a consultant for industries so that he could concentrate on pure science. It is stoically accepted the hardship that it entailed. It was the British monarch's intervention that helped secure for him a government pension. He spared some of his time and energy to inspire young school-going children to take up careers in science. His annual Pre-Christmas lectures on science to school children were loved by them all (and by adults too).

No tribute can be greater than what Sir William Bragg the physicist, paid Faraday : "Prometheus, they say, brought fire to the service of mankind. Of that we cannot be sure', but electricity we certainly owe to Michael Faraday."

**30. Identify the statement which is false.**

(a) Faraday lacked good and formal education.
(b) He was poor.
(c) He had no patron to encourage him.
(d) He had many professional rivals.

**उत्तर—(d)**

लेखांश पठन के उपरांत ज्ञात होता है कि लेखांश में किसी भी पंक्ति में माइकल फैराडे (Michael Faraday) के किसी पेशेवर अथवा व्यावसायिक प्रतिद्वंद्वी (rival) का वर्णन नहीं किया गया है। स्पष्ट है कि विकल्प (d) में वर्णित कथन (Statement) 'He had many professional rivals' लेखांश के संदर्भ में असत्य (false) है। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**31. Pursuit of pure science entails-**

(a) Failure (b) Hardships
(c) Risks (d) Huge resources

**उत्तर—(b)**

लेखांश पठन के उपरांत ज्ञात होता है कि माइकल फैराडे ने अपने जीवन के एक बिंदु पर आकर जानबूझकर उद्योगों के सलाहकार के रूप में कार्य करना छोड़ दिया ताकि वह विशुद्ध विज्ञान (Pure Science) के ज्ञानार्जन अथवा खोज में अपना ध्यान केंद्रित कर सकें। इसमें उनके समक्ष आने वाली कठिन परिस्थितियां (hardships) भी आवश्यक भाग के रूप में सम्मिलित थीं। अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**32. Faraday is compared to Prometheus because both were-**

(a) exceptionally brilliant.
(b) extremely hardworking.
(c) benefactors of mankind.
(d) dedicated and diligent.

**उत्तर—(c)**

लेखांश पठन के उपरांत ज्ञात होता है कि भौतिकशास्त्री (Physicist) सर विलियम ब्रैग ने माइकल फैराडे को अर्पित श्रद्धांजलि में कहा कि प्रोमीथियस (Prometheus) के समान ही फैराडे भी मानव जाति (mankind) के लिए उपकारी अथवा हितकारी (benefactor) थे। मानव जाति को विद्युत (electricity) उपलब्ध कराने के लिए हम माइकल फैराडे के प्रति ऋणी (owe) हैं। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**33. The word 'intervention' as used in the passage means -**

(a) encouragement (b) mediation
(c) motivation (d) promise

**उत्तर—(b)**

लेखांश पठन के उपरांत ज्ञात होता है कि लेखांश में वर्णित शब्द 'Intervention' (हस्तक्षेप) का तात्पर्य है 'mediation' (मध्यस्थता करना)।

**34. What took a heavy toll on Faraday's health?**

(a) Poverty
(b) Excessive hard work
(c) Disturbed family life
(d) Unjust criticism of his rivals

**उत्तर—(b)**

लेखांश पठन के उपरांत ज्ञात होता है कि माइकल फैराडे के जीवन के अंतिम कुछ वर्ष शारीरिक एवं मानसिक थकान (exhaustion) से परिपूर्ण थे। लेखांश में वर्णित इस तथ्य से यह सिद्ध होता है कि फैराडे अत्यधिक कठिन परिश्रम (hard work) करते थे। अत: विकल्प (b) सही उत्तर है।

**Directions for Q. Nos. 35 to 40 :** Complete each of the sentences given below with the help of the options that follow :

**35. His parents often connive ______ his follies.**

(a) upon (b) at
(c) with (d) over

**उत्तर—(b)**

वाक्य के रिक्त स्थान में Preposition 'at' (connive at - prepositional phrase) का प्रयोग उचित है।
'Connive at' का तात्पर्य है - to ignore behaviour or an activity that is wrong, or to do nothing to stop it, so that you seem to approve it; give one's silent approval to; to pretend not to see or look (at something wrong or evil); thus giving tacit consent or cooperation, feign ignorance another's wrongdoing; secretly allow (something, immoral, illegal, or harmful) to occur; यानि 'मौन सहमति देना; अनदेखी करना आंखें मूंद लेना'।

Ex. 1. The captain connived at the smuggling of goods aboard his ship.
2. The policeman connived at traffic violations.

**36. The scheme _______ for want to resources.**

(a) fell down (b) fell of
(c) fell through (d) fell over

**उत्तर—(c)**

वाक्य के रिक्त स्थान में Phrasal Verb 'fell through' (असफल होना, नाकामयाब होना, विफल होना) का प्रयोग उचित है।

" Fell through" का तात्पर्य है- come to nothing; fail; fail utterly; collapse; if something such as a deal, plan or arrangement falls through, it fails to happen; to miscarry or fail; to fail to happen; to not to be completed, or not happen; be unsuccessful, fizzle out; happen to meet.

Ex. 1. His scheme fell through for want of money and material.
2. The scheme has fallen through for want of support.
3. The project fell through due to lack of money.

**37. He was _____ by his boss for frequent late coming.**

(a) pulled down (b) pulled up
(c) pulled in (d) pulled on

**उत्तर—(b)**

वाक्य के रिक्त स्थान में Phrasal verb ' pulled up' (डांट लगाना, फटकार लगाना) का प्रयोग उचित है।
"Pulled up" का तात्पर्य है - to rebuke; to criticize somebody for something that they have done wrong; to reprove or rebuke, यानि 'गलती पर खिंचाई करना'।
Ex. They were pulled up for wasting money.

**38. I _____ him for 20 years.**

(a) know (b) knew
(c) could have known (d) have known

**उत्तर—(b)**

वाक्य के रिक्त स्थान में 'knew' (Past Indefinite Tense) का प्रयोग उचित है।

**39. He told me that he ______ to take up the assignment.**

(a) is willing (b) was willing
(c) has been willing (d) will be willing

**उत्तर—(b)**

वाक्य के रिक्त स्थान में 'was willing' का प्रयोग उचित है। यह वाक्य Indirect Speech में है। इसकी Direct speech संरचना निम्नवत होगी-
He said to me, "He is willing to take up the assignment.
अत: इसकी Indirect Speech निम्नवत होगी-
He told me that he was willing to take up the assignment.

**40. A Public man should be tolerant ______ criticism.**

(a) of (b) over
(c) to (d) on

**उत्तर—(a)**

वाक्य के रिक्त स्थान में Preposition 'of' का प्रयोग उचित है।

**भाग -II**
**सामान्य जागरूकता**

**41. सार्क का 19वां शिखर सम्मेलन, जो हाल ही में रद्द कर दिया गया, उसे किस देश में आयोजित किया जाना था?**

(a) श्रीलंका (b) बांग्लादेश
(c) भारत (d) पाकिस्तान

**उत्तर—(d)**

19वां सार्क शिखर सम्मेलन नवंबर, 2016 में पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में आयोजित किया जाना था। भारत, भूटान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के सम्मेलन में शामिल न होने का निर्णय लेने के कारण इसे रद्द कर दिया गया। दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) की स्थापना 8 दिसंबर, 1985 को हुई थी। वर्तमान में संगठन के 8 सदस्य - बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और अफगानिस्तान हैं। सार्क का मुख्यालय नेपाल की राजधानी काठमांडू में है।

**42. भारत के तृतीय (सेवा) क्षेत्र के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) ये क्षेत्र सबसे बड़ा उत्पादन क्षेत्र है।
(b) जीडीपी में इसका सबसे बड़ा हिस्सा है।
(c) देश की मूलभूत सेवाओं में संवृद्धि के कारण ही ये क्षेत्र महत्वपूर्ण बन गया है।
(d) ये क्षेत्र देश के अंदर सबसे बड़ा नियोक्ता बन गया है।

**उत्तर—(d)**

भारत में सेवा क्षेत्र - सेवाओं का सबसे बड़ा उत्पादक क्षेत्र है। जीडीपी (GDP) में इसका सबसे बड़ा हिस्सा है तथा देश की मूलभूत सेवाओं में संवृद्धि के कारण ही यह क्षेत्र महत्वपूर्ण बन गया है। लेकिन नियोक्ता के मामले में अभी भी यह क्षेत्र पीछे है। हालांकि सेवा क्षेत्र में रोजगार की लगातार वृद्धि हो रही है फिर भी सर्वाधिक रोजगार कृषि क्षेत्र में लगा हुआ है।

**43. कृषि भूमि और शहरी क्षेत्रों में वैयक्तिक घरों की क्षेत्रीय विभाजन रेखाओं को सीमांकित करके भू-संपत्ति का स्वामित्व दर्शाने के लिए बनाए नक्शे (मानचित्र) क्या कहलाते हैं?**

(a) स्थलाकृतिक मानचित्र
(b) एटलस मानचित्र
(c) भूविज्ञान विषयक मानचित्र
(d) भूकर मानचित्र

**उत्तर—(d)**

भूकर मानचित्र भूमि स्वामित्व को परिभाषित करने वाला नक्शा है। ये मानचित्र राज्य सरकार द्वारा बनाए जाते हैं। इनका उद्देश्य स्थलाकृतिक विशेषताओं को दिखाने को छोड़कर गांव, शहर, जागीर और व्यक्तिगत भूमि का परिसीमन है।

**44. राजा-रानी द्वारा शासित देशों को उनकी राजधानी के साथ सुमेलित करें -**

| **सूची - A (राज्य)** | **सूची - B (राजधानी)** |
|---|---|
| i. पल्लव | A. बादामी |
| ii. चालुक्य | B. मदुरई |
| iii. पांड्य | C. कांची |
| iv. कदम्ब | D. वैजयंती |

कूट :

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (a) | A | C | B | D |
| (b) | B | C | D | A |
| (c) | C | A | B | D |
| (d) | C | A | D | B |

**उत्तर—(c)**

सही सुमेलन इस प्रकार है-

| (राज्य) | (राजधानी) |
|---|---|
| पल्लव | कांची |
| चालुक्य | बादामी |
| पांड्य | मदुरई |
| कदम्ब | वैजयंती |

**45. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत उपभोक्ता को निम्नलिखित में से कौन-से अधिकार दिए गए हैं?**

(A) सूचित (या जानकार) होने का अधिकार
(B) चयन का अधिकार
(C) प्रतिनिधित्व करने का अधिकार
(D) निवारण का अधिकार

**कूट :**

(a) A, D (b) A, B, D
(c) A, B, C, D (d) A, C, D

**उत्तर—(c)**

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत उपभोक्ता को सूचित (जानकार) होने का अधिकार, चयन का अधिकार, प्रतिनिधित्व करने का अधिकार तथा निवारण का अधिकार दिया गया है।

**46. निम्नलिखित का मिलान करें -**

| **सूची - A (अनुसूची)** | **सूची - B (विवरण)** |
|---|---|
| i. प्रथम अनुसूची | A. जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के लिए प्रावधान |
| ii. पांचवीं अनुसूची | B. भारत के राज्य और संघ राज्य क्षेत्र |

iii. छठीं अनुसूची — C. दल-बदल के आधार पर अयोग्य ठहराने का प्रावधान

iv. दसवीं अनुसूची — D. अनुसूचित क्षेत्रों और जनजातियों के प्रशासन तथा नियंत्रण का प्रावधान

कूट :

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (a) | B | D | A | C |
| (b) | B | A | D | C |
| (c) | A | D | B | C |
| (d) | A | B | C | A |

**उत्तर—(a)**

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम अनुसूची | - | भारत के राज्य और संघ राज्य क्षेत्र |
| पांचवीं अनुसूची | - | अनुसूचित क्षेत्रों और जनजातियों के प्रशासन तथा नियंत्रण का प्रावधान |
| छठीं अनुसूची | - | जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के लिए प्रावधान |
| दसवीं अनुसूची | - | दल-बदल के आधार पर अयोग्य ठहराने का प्रावधान |

**47. $\frac{1}{2}mv^2$ के लिए आयामी सूत्र है-**

(a) $[M^2 LT]$ (b) $[ML^2T]$

(c) $[MLT^{-2}]$ (d) $[ML^2T^{-2}]$

**उत्तर—(d)**

$\frac{1}{2}mv^2$ के लिए आयामी सूत्र है

$[ML^2T^{-2}]$

**48. विशेष रूप से तैयार फिल्टरों से कोलाइड घोल, जो कोलाइड कणों को छोड़कर सभी पदार्थों में फैल सकता है, में विद्यमान घुलनशील विलेय और विलायक से कोलाइड के कणों को पृथक करने की प्रक्रिया जिस विधि पर आधारित है उसे कहते हैं-**

(a) वैक्यूम फिल्ट्रेशन (b) डायलिसिस

(c) इलेक्ट्रो-डायलिसिस (d) अल्ट्रा-फिल्ट्रेशन

**उत्तर—(d)**

विशेष रूप से तैयार फिल्टरों से कोलाइड के कणों को पृथक करने की प्रक्रिया अल्ट्रा-फिल्ट्रेशन कहलाती है।

**49. दलीप ट्रॉफी देशीय फर्स्ट क्लास क्रिकेट प्रतियोगिता है। ये भारत में किन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले दलों के बीच खेला गया?**

(a) क्षेत्रीय क्रिकेट संगठन

(b) विभिन्न विश्वविद्यालय

(c) पिछली रणजी ट्रॉफी के विजेता की बाकी भारत के साथ प्रतियोगिता

(d) भारत के भौगोलिक क्षेत्र

**उत्तर—(d)**

दलीप ट्रॉफी भारत की एक घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट प्रतियोगिता है। दलीप ट्रॉफी भारत के भौगोलिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों के बीच खेला जाता है। यह प्रथम श्रेणी क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 1961-62 में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा शुरू की गई थी। इस प्रतियोगिता में पांच टीमें - नार्थ जोन, साउथ जोन, ईस्ट जोन, वेस्ट जोन और सेंट्रल जोन हिस्सा लेती हैं।

**50. मुगल काल में चित्रकारी किसके शासनकाल में अपने शिखर पर थी?**

(a) जहांगीर (b) शाहजहां

(c) औरंगजेब (d) अकबर

**उत्तर—(a)**

मुगल चित्रकला जहांगीर के शासनकाल में अपने शिखर पर पहुंच गई थी। जहांगीर स्वयं चित्रकला का बड़ा कुशल पारखी था। मुगल शैली में मनुष्यों का चित्र बनाते समय एक ही चित्र में विभिन्न चित्रकारों द्वारा मुख, शरीर तथा पैरों को चित्रित करने का रिवाज था। जहांगीर का दावा था कि वह किसी भी चित्र में विभिन्न चित्रकारों के अलग-अलग योगदान को पहचान सकता है। शिकार, युद्ध तथा राजदरबार के दृश्यों को चित्रित करने के अलावा जहांगीर के काल में मनुष्यों तथा जानवरों के चित्रों को बनाने की कला में विशेष प्रगति हुई। जहांगीर के दरबार में सुप्रसिद्ध चित्रकारों में अबुल हसन (नादिर-उद्जमा की उपाधि), उस्ताद मंसूर (नादिर-उल-अस्र), फर्रुख बेग, बिशनदास, अका रिजा, मोहम्मद नादिर, मोहम्मद मुराद, मनोहर, माधव, गोवर्धन आदि उल्लेखनीय हैं। अबुल हसन ने जहांगीर के सिंहासनारोहण का एक चित्र बनाया था, जिसे जहांगीर की आत्मकथा 'तुजुक-ए-जहांगीरी' के मुख्य पृष्ठ पर लगाया गया है। इस प्रकार जहांगीर के काल को 'मुगल चित्रकला का स्वर्णयुग' कहा जाता है।

**51. हिंदुस्तान एरोनॉटिकल लिमिटेड (एच.ए.एल.) द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा हेलीकॉप्टर बनाया गया?**

(a) बेल UH-1Y विनोम

(b) लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर

(c) बोइंग CH-47 चिनूक

(d) साइकोर्स्की UH-60 ब्लैक हॉक

**उत्तर—(b)**

हिंदुस्तान एरोनॉटिकल लिमिटेड (एच.ए.एल.) द्वारा लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर का निर्माण किया गया है। सितंबर, 2016 में हेलीकॉप्टर ने तकनीकी उड़ान भरी। छह यात्रियों एवं दो पायलट और 3150 किग्रा भार के साथ एल.यू.एच उड़ान भर सकता है। इस हेलीकॉप्टर का उपयोग टोह लेने, परिवहन, माल ढुलाई और बचाव कार्य जैसे कामों में किया जा सकता है। हेलीकॉप्टर हिमालय की ऊंचाई पर भी उड़ान भर सकता है।

**52. नीति आयोग (एनआईटीआई) के राष्ट्रीय संस्थान की प्रथम सभा कब आयोजित की गई थी?**

(a) फरवरी, 2016　　(b) फरवरी, 2015

(c) अगस्त, 2014　　(d) मई, 2015

**उत्तर—(b)**

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन 'राजग' सरकार द्वारा 1 जनवरी, 2015 को योजना आयोग के स्थान पर 'नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफार्मिंग इंडिया' (NITI) या नीति आयोग की स्थापना की गई। इस आयोग की प्रथम सभा 8 फरवरी, 2015 को आयोजित की गई।

**53. निम्नलिखित वाचिक कला रूपों में से किस रूप के साथ शोभा गुरतु का संबंध है?**

(a) ख्याल　　(b) ठुमरी

(c) तराना　　(d) भजन

**उत्तर—(b)**

शोभा गुरतु भारतीय शास्त्रीय शैली की प्रसिद्ध गायिका थीं। उनका मूल नाम 'भानुमति शिरोडकर' था। उन्होंने गायन की ठुमरी शैली को विश्व भर में ख्याति दिलाई। शोभा गुरतु को 'ठुमरी की रानी' कहा जाता है।

**54. " 26 जनवरी को हम अंतर्विरोधों के जीवन में प्रवेश करने जा रहे हैं। राजनीति में हमारे यहां समानता होगी और सामाजिक तथा आर्थिक जीवन में असमानता होगी।'' यह कथन किसका है?**

(a) मोहनदास करमचंद गांधी　　(b) जवाहरलाल नेहरू

(c) डॉ. बी.आर. अंबेडकर　　(d) जयपाल सिंह

**उत्तर—(c)**

"26 जनवरी को हम अंतर्विरोधों के जीवन में प्रवेश करने जा रहे हैं। राजनीति में हमारे यहां समानता होगी और सामाजिक तथा आर्थिक जीवन में असमानता होगी।" यह कथन डॉ. बी.आर. अंबेडकर का है।

**55. स्थूल कोणोतक में क्या होता है?**

(a) स्थूल तथा काष्ठकीय कोशिका भित्तियों के साथ लंबी, संकीर्ण कोशिकाएं होती हैं जिसके कुछ या कई गर्त होते हैं। वे प्राय: मृत होते हैं और आदिद्रव्य के बगैर होते हैं।

(b) वे द्विबीजपत्री पौधों में बाहरी त्वचा के नीचे परतों में होते हैं। ये या तो समरूप परत में या थिगलियों में पाए जाते हैं।

(c) ये विभिन्न काम जैसे फोटो-संश्लेषण, भंडारण और स्रवण करते हैं।

(d) उनमें छोटे अंत:कोशिकामय स्थान होते हैं।

**उत्तर—(b)**

ऊतक संरचना एवं कार्य में समान कोशिकाओं का एक समूह होता है। पौधों में साधारण स्थायी ऊतक तीन प्रकार के होते हैं- पेरेन्काइमा, कोलेन्काइमा तथा स्केलेन्काइमा। स्केलेन्काइमा (स्थूल कोणोतक) द्विबीजपत्रीय पौधों में बाहरी त्वचा के नीचे परतों में होते हैं। ये या तो समरूप परत में या थिगलियों (Patches) में पाए जाते हैं।

**56. अशोधित जन्म दर (सी.बी.आर.) को किस रूप में व्यक्त किया जाता है?**

(a) $CBR = \frac{P}{Bi} \times 100$

(b) $CBR = \frac{Bi}{P} \times 100$

(c) $CBR = \frac{P}{Bi} \times 1000$

(d) $CBR = \frac{Bi}{P} \times 1000$

(CBR= अशोधित जन्म दर, Bi = वर्ष के दौरान जीवित जन्मे बच्चे, P = वर्ष के मध्य में क्षेत्र की जनसंख्या)

**उत्तर—(d)**

अशोधित जन्म दर, किसी विशेष वर्ष में जन्मे पंजीकृत कुल बच्चों की संख्या तथा उस वर्ष की कुल जनसंख्या के बीच अनुपात है। प्राय: इसे प्रति 1000 में व्यक्त किया जाता है।

$$CBR = \frac{Bi}{P} \times 1000$$

CBR = Crude Birth Rate

**57. वर्ष 2016 में हॉकी के लिए अर्जुन अवॉर्ड (पुरस्कार) निम्नलिखित में से किसको मिला था?**

(a) सिलवेनस डुंग डुंग　　(b) वी.आर. रघुनाथ

(c) सुब्रत पॉल (d) रजत चौहान

**उत्तर—(b)**

अर्जुन पुरस्कार वर्ष 1961 में शुरू किए गए थे। यह पुरस्कार खेल के क्षेत्र में पिछले चार वर्षों के दौरान खिलाड़ी द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का आकलन करके प्रदान किए जाते हैं। विजेताओं को पुरस्कारस्वरूप एक प्रतिमा, प्रमाण-पत्र, अंग वस्त्र और पांच लाख रुपये प्रदान किए जाते हैं। वर्ष 2016 में हॉकी के लिए अर्जुन पुरस्कार रानी रामपाल (महिला हॉकी) और वी.आर. रघुनाथ (पुरुष हॉकी) को प्रदान किया गया। वर्ष 2016 में कुल 15 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया गया।

**58. निम्नलिखित का मिलान करें -**

| सूची - A | सूची - B |
|---|---|
| i. राजा राममोहन राय | A. आर्य समाज |
| ii. महादेव गोविंद रानाडे | B. प्रार्थना समाज |
| iii. दयानंद सरस्वती | C. ब्रह्म समाज |
| iv. स्वामी विवेकानंद | D. रामकृष्ण मिशन |

**कूट :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (a) | A | C | B | D |
| (b) | D | B | A | C |
| (c) | C | B | A | D |
| (d) | A | D | B | C |

**उत्तर—(c)**

सही सुमेलन इस प्रकार है-

(i) राजा राममोहन राय - ब्रह्म समाज

(ii) महादेव गोविंद रानाडे - प्रार्थना समाज

(iii) दयानंद सरस्वती - आर्य समाज

(iv) स्वामी विवेकानंद - रामकृष्ण मिशन

**59. भारतीय संविधान के अनुच्छेद - 19 के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा स्वतंत्रता के अधिकार के रूप में गारंटीकृत नहीं है?**

(a) भारत के संपूर्ण क्षेत्र में स्वतंत्रता से संचलन का अधिकार।

(b) वाक् तथा अभिव्यक्ति का अधिकार।

(c) बलात् श्रम से मुक्ति।

(d) भारत क्षेत्र के किसी भी भाग में आवास तथा बसने की स्वतंत्रता।

**उत्तर—(c)**

भारतीय संविधान में दिए गए मूल अधिकारों के तहत अनुच्छेद-19, जो कि स्वतंत्रता का अधिकार है, में निम्न विशेषताएं शामिल हैं-

(क) सभी नागरिकों को वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार

(ख) शांतिपूर्वक निरायुध सम्मेलन का अधिकार

(ग) संगम या संघ बनाने का अधिकार

(घ) भारत के राज्य क्षेत्र में सर्वत्र अबाध संचरण का अधिकार

(ङ) भारत के राज्यक्षेत्र के किसी भाग में निवास करने और बस जाने का अधिकार

(च) कोई वृत्ति, उपजीविका, व्यापार या कारोबार करने का अधिकार।

**60. दिल्ली सल्तनत के वंशों को अरोही कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें-**

1. तुगलक वंश
2. गुलाम सुल्तान
3. खिलजी वंश
4. लोदी वंश

(a) 2, 3, 1, 4 (b) 1, 2, 3, 4

(c) 4, 1, 2, 3 (d) 2, 1, 3, 4

**उत्तर—(a)**

दिल्ली सल्तनत का सही आरोही कालानुक्रमिक क्रम इस प्रकार है- गुलाम सुल्तान (1206-1290), खिलजी वंश (1290-1320), तुगलक वंश (1320-1414), सैयद वंश (1414-1451) और लोदी वंश (1451-1526)।

**61. पूर्वी घाटों की उच्चतम चोटी है-**

(a) अनाई मुड़ी

(b) महेंद्रगिरी

(c) शेवरॉय पहाड़ियां

(d) जावड़ी पहाड़ियां

**उत्तर—(*)**

पूर्वी घाट का सर्वोच्च शिखर (चोटी) देवोदी मुंडा (ओडिशा) है, जिसकी ऊंचाई समुद्र तल से 1598 मीटर है। इसकी अन्य महत्वपूर्ण चोटियां हैं अरोया कौंडा (1680 मी.), सिंगराजु (1516 मी.), नीमलगिरि (1515 मी.) एवं महेंद्रगिरि (1501 मी.)। नवोदय द्वारा जारी अंतिम उत्तर-पत्रक में इस प्रश्न को हटा दिया गया है।

**62. हिंदी साहित्यिक कृति ''आग की हंसी'' के लिए वर्ष 2015 का साहित्य अकादमी पुरस्कार किसको दिया गया था?**

(a) रमेशचंद्र शाह

(b) रामदरश मिश्र

(c) मृदुला गर्ग

(d) चंद्रकांत देवताले

**उत्तर—(b)**

17 दिसंबर, 2015 को साहित्य अकादमी ने 23 भारतीय भाषाओं में वार्षिक साहित्य अकादमी पुरस्कार की घोषणा की। रामदरश मिश्र के कविता संग्रह 'आग की हंसी' को हिंदी भाषा के साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**63. निम्नलिखित में से किस खिलाड़ी को पूर्ण रूप से सबसे बड़ा तेज धावक समझा जाता है और उसने लगातार तीन ओलंपिक खेलों में तेज दौड़ में स्वर्ण पदक जीते और 'ट्रिप्पल-ट्रिप्पल' का खिताब पाया?**

(a) गैटलिन जस्टिन

(b) डे ग्रास आंद्रे

(c) बोल्ट उसैन

(d) जेम्स किरानी

**उत्तर—(c)**

उसैन बोल्ट जमैका के धावक हैं। उन्होंने बीजिंग, लंदन और रियो ओलंपिक में हुई तीनों स्पर्धाओं 100 मी., 200 मी. एवं 4× 100 मी. में लगातार तीन बार स्वर्ण पदक जीतकर विश्व रिकॉर्ड बनाया।

**64. नेहरू युग में भारतीय विदेश नीति की विशेषता निम्नलिखित में से कौन-सी थी?**

1. गुटनिरपेक्षता
2. पंचशील
3. दक्षिण एशियाई देशों के मध्य सहकारिता को बढ़ावा देना
4. शांति और विउपनिवेशन के लिए कार्य करना

कूट :

(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 4

(c) 1, 2 (d) 1, 2, 4

**उत्तर—(d)**

गुटनिरपेक्षता, पंचशील सिद्धांत, वैश्विक शांति की स्थापना, साम्राज्यवाद एवं उपनिवेशवाद का विरोध नेहरू युग की विदेश नीति की प्रमुख विशेषता है।

**65. उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में जून 23-24, 2016 को एस.सी.ओ. शिखर सम्मेलन के दौरान कौन-से दो दक्षिण एशियाई देश शंघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एस.सी.ओ.) के सदस्य बन गए थे?**

(a) भारत, श्रीलंका

(b) भारत, पाकिस्तान

(c) भारत, अफगानिस्तान

(d) पाकिस्तान, बांग्लादेश

**उत्तर—(b)**

शंघाई सहयोग संगठन (एस.सी.ओ.) शंघाई-5 का विस्तृत रूप है जिसकी स्थापना मूलतः पांच राष्ट्रों- रूस, चीन, कजाख्स्तान, ताजिकिस्तान और किर्गिस्तान के क्षेत्रीय वार्ता मंच के रूप में वर्ष 1996 में हुई थी। वर्ष 2001 में शंघाई-5 में उज्बेकिस्तान के शामिल होने के बाद इसे शंघाई सहयोग संगठन का नाम दिया गया। 23-24 जून, 2016 के मध्य शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य राष्ट्रों के राष्ट्राध्यक्षों की 16वीं शिखर बैठक का आयोजन उज्बेकिस्तान के ताशंकद में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में भारत और पाकिस्तान के शंघाई सहयोग संगठन में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल होने की औपचारिक प्रक्रिया पूरी हुई।

**66. नृत्यों (सूची - A) को राज्यों (सूची - B) के साथ सुमेलित करें-**

| **सूची - A** | **सूची - B** |
|---|---|
| i. बिहू | A. महाराष्ट्र |
| ii. मोहिनीआट्टयम | B. राजस्थान |
| iii. लावनी | C. केरल |
| iv. भवाई | D. असम |

**कूट :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (a) | D | C | A | B |
| (b) | D | A | B | C |
| (c) | C | B | A | D |
| (d) | A | C | B | D |

**उत्तर—(a)**

सही सुमेलन इस प्रकार है-

| **सूची - A** | **सूची - B** |
|---|---|
| बिहू | असम |
| मोहिनीआट्टयम | केरल |
| लावनी | महाराष्ट्र |
| भवाई | राजस्थान |

**67. निम्नलिखित सेंट्रल पब्लिक सर्विस सेक्टर इंटरप्राइजेज में से कौन महारत्न की श्रेणी में आता है?**

(a) भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड

(b) भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(c) भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

(d) ऑयल इंडिया लिमिटेड

**उत्तर—(c)**

वर्तमान में सार्वजनिक क्षेत्र की 7 भारतीय कंपनियों को महारत्न का दर्जा प्रदान किया गया है जो निम्न हैं-

(1) भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL)

(2) कोल इंडिया लिमिटेड (CIL)

(3) गेल (इंडिया) लिमिटेड (GAIL)

(4) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL)

(5) नेशनल थर्मल पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (NTPC)

(6) ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ONGC)

(7) स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL)

इसके अलावा भारत में 17 कंपनियों को नवरत्न का दर्जा प्राप्त है।

**68. $HNO_3$ का आणविक द्रव्यमान किसके बराबर है?**

(a) 62 u (b) 63 u

(c) 64 u (d) 65 u

(u = पारमाणविक द्रव्यमान इकाइयां)

**उत्तर—(b)**

नाइट्रिक अम्ल ($HNO_3$) का आणविक द्रव्यमान

$= (1 \times 1) + (14 \times 1) + (16 \times 3)$

$= 1 + 14 + 48$

= 63 u (जहां u = परमाणविक द्रव्यमान इकाइयां)

**69. मानव विकास रिपोर्ट देशों की तुलना निम्नलिखित में से किन कसौटियों के आधार पर करती है?**

(A) शिक्षा (B) स्वास्थ्य

(C) प्रति व्यक्ति आय (D) आनंद

**कूट :**

(a) A, B, C (b) A, B

(c) A, B, C, D (d) A, B, D

**उत्तर—(a)**

मानव विकास रिपोर्ट के तहत 'मानव विकास सूचकांक (HDI) स्वास्थ्य, शिक्षा व आय के स्तर के आधार पर तैयार किया जाने वाला यूएनडीपी (UNDP) का सूचकांक है जिसका मान 0-1 के बीच हो सकता है।

**70. भारतीय संविधान के आमुख में 42वें संशोधन द्वारा निम्नलिखित में से क्या जोड़ा गया था?**

(a) प्रभुत्वसंपन्न और लोकतांत्रिक

(b) समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष

(c) धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक

(d) प्रभुत्वसंपन्न और समाजवादी

**उत्तर—(b)**

भारतीय संविधान के आमुख में 42वें संविधान संशोधन, 1976 के द्वारा समाजवाद, पंथनिरपेक्ष और अखंडता जैसे शब्द जोड़े गए थे।

## भाग - III
## सामान्य बुद्धिमत्ता, संख्यात्मक योग्यता एवं तर्कक्षमता

**निर्देश** - प्रश्न 71 तथा 72 के लिए एक अभिकथन के साथ आगे दो अनुमान I तथा II दिए गए हैं। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही का चुनाव कीजिए-

(1) यदि केवल I अंतर्निहित है।

(2) यदि केवल II अंतर्निहित है।

(3) यदि I और II अंतर्निहित है।

(4) न ही I और न ही II अंतर्निहित है।

**71. अभिकथन** - कुल उपयोगिता को अधिकतम करने के लिए पूरे समुदाय में आय की समानता एक आवश्यक शर्त है, जो कि उस समुदाय के सदस्यों को कुल उपलब्ध आय प्रदान कर सके।

**अनुमान :**

(I) : यदि अमीर से अतिरिक्त आय ले ली जाए और गरीब को दे दी जाए, तो समुदाय के द्वारा अनुभूत कुल उपयोगिता बढ़ जाएगी।

(II) : समान कार्य के लिए समान वेतन।

(a) 1 (b) 2

(c) 3 (d) 4

**उत्तर—(a)**

दिया गया अभिकथन कि कुल उपयोगिता को अधिकतम करने के लिए पूरे समुदाय में आय की समानता एक आवश्यक शर्त है से एक अनुमान यह भी लगाया जा सकता है कि यदि अमीर से अतिरिक्त आय को लेकर गरीब लोगों में बांट दिया जाए तो गरीब समुदाय के लोगों की दैनिक तथा अन्य प्रकार के समानों के उपयोग करने की उपयोगिता बढ़ जाएगी। द्वितीय अनुमान समान कार्य के लिए समान वेतन मूल कथन के अनुरूप नहीं है। अतः केवल अनुमान प्रथम ही स्पष्ट निकाला जा सकता है।

**72. अभिकथन** - मानसून के दौरान शहर की अधिकांश सड़कों पर यातायात अवरोध एक आम बात बन गई है।

**अनुमान :**

(I) : सड़क निर्माण में प्रयुक्त सामग्री मानसून के प्रकोप के साथ टिक नहीं पाती है। परिणामस्वरूप सड़कों पर असंख्य गड्ढे उत्पन्न हो जाते हैं।

(II) : अन्य मौसमों की तुलना में मानूसन में सड़कों पर आने वाले वाहनों की संख्या काफी अधिक हो जाती है।

(a) 1 (b) 2

(c) 3 (d) 4

**उत्तर—(a)**

दिया गया अभिकथन कि मानसून के दौरान शहर की अधिकांश सड़कों पर यातायात अवरोध एक आम बात बन गई है, इस अनुमान पर आधारित हो सकता है कि सड़क निर्माण में प्रयुक्त सामग्री मानसून के प्रकोप के साथ टिक नहीं पाती है जिसके परिणामस्वरूप सड़कों पर असंख्य गड्ढे उत्पन्न हो जाते हैं और यातायात गतिविधि में अवरोध उत्पन्न होता है। किंतु यह अनुमान लगाना कि अन्य मौसम की तुलना में मानसून में सड़कों पर आने वाले वाहनों की संख्या काफी अधिक हो जाती है, सही नहीं है क्योंकि वाहनों का प्रयोग मानसून पर निर्भर नहीं करता है।
स्पष्ट है कि केवल अनुमान (I) ही अभिकथन को अभिपुष्ट करता है।

**निर्देश** - प्रश्न 73 और 74 के लिए दो कथन दिए गए हैं। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए-

(1) कथन I कारण है और कथन II उसका परिणाम है।
(2) कथन II कारण है और कथन I उसका परिणाम है।
(3) दोनों कथन I और II स्वतंत्र कारण हैं।
(4) दोनों कथन I और II स्वतंत्र कारणों के परिणाम हैं।

**73. कथन :**

I : भारतीय महिलाएं रक्तदान में विश्वास नहीं करतीं। रक्तदाताओं के लैंगिक वितरण पर अभी तक के प्रथम डाटा बैंक के अनुसार, भारत में महिलाओं द्वारा केवल 6% रक्तदान होता है। शेष 94% पुरुष रक्तदाता हैं।

II : विश्व में मात्र 25 देश 40% से अधिक की रक्त आपूर्ति महिला दाताओं से प्राप्त करते हैं, इनमें ऑस्ट्रेलिया, यू.एस., थाईलैंड, पुर्तगाल, न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे आदि शामिल हैं।

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**उत्तर–(d)**

दिया गया कथन (II) कि विश्व में मात्र 25 देश 40% से अधिक की रक्त आपूर्ति महिला दाताओं से प्राप्त करते हैं, इसमें ऑस्ट्रेलिया, यू.एस., थाईलैंड, पुर्तगाल, न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे आदि शामिल हैं। जबकि कथन (I) कि भारतीय महिलाएं रक्तदान में विश्वास नहीं करतीं। फलस्वरूप रक्तदाताओं के लैंगिक वितरण पर अभी तक के प्रथम डाटा बैंक के अनुसार, भारत में महिलाओं द्वारा केवल 6% रक्तदान होता है। शेष 94% पुरुष करते हैं।
इस संदर्भ में दोनों कथनों के अपने-अपने स्वतंत्र कारण हैं, जिसके उपर्युक्त परिणाम हैं।

**74. कथन :**

I : योग और व्यायाम के महत्व को समाज के प्रत्येक वर्ग द्वारा महसूस किया जा रहा है।

II : समाज में विशेषकर मध्य आयु वर्ग के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**उत्तर–(d)**

दिए गए कथन कि, योग और व्यायाम के महत्व को समाज के प्रत्येक वर्ग द्वारा महसूस किया जा रहा है तथा समाज में विशेषकर मध्य आयु वर्ग के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है, दोनों कथन एक दूसरे से स्वतंत्र कथन लग रहे हैं तथा दोनों कथन किसी कारण का परिणाम हो सकते हैं।

**75. समस्या चित्र में प्रथम और चौथे चित्र के स्थान पर दो खाली स्थान हैं। उत्तर चित्र में चित्रों के चार युग्म हैं। आपको युग्म का चयन करना है जो रिक्त स्थानों में भरे जाएंगे जिससे कि प्रथम और द्वितीय युग्मों में समान संबंध हो।**



(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**उत्तर–(b)**

समस्या चित्र के द्वितीय चित्र के प्रत्येक चित्र को $90^0$ Anticlock घुमाने पर उत्तर आकृति के विकल्प (2) का प्रथम चित्र मिल रहा है इसी प्रकार से तृतीय आकृति के ऊपर तथा नीचे वाले चित्र को $90^0$ तथा बीच वाली आकृति को $90^0$ Clockwise घुमाने पर आकृति के विकल्प (2) की दूसरी आकृति मिल रही है।
अतः विकल्प (b) सही उत्तर होगा।

**76. चित्रों का एक संबंधित युग्म उसके अनुसरण में चित्रों के चार युग्मों के साथ दिया गया है। एक युग्म का चयन कीजिए जिसमें वही संबंध हो जो मूल युग्म में है :**



(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**उत्तर–(*)**

दिए गए चार युग्मों में से कोई भी युग्म मूल युग्म का किसी भी प्रकार से अनुसरण नहीं कर पा रहा है। अतः दिए गए विकल्पों में से कोई भी विकल्प दिए गए विकल्प का उत्तर नहीं हो सकता है।

**77. सही विकल्प का चयन कीजिए जो समान पैटर्न का अनुसरण होगा-**

2, 15, 41, 80, ?

(a) 111 (b) 121

(c) 123 (d) 132

**उत्तर—(d)**

अनुक्रम निम्न नियमानुसार बनाया गया है-

$2+(13\times 1)=15$

$15+(13\times 2)=41$

$41+(13\times 3)=80$

$80+(13\times 4)=?$

$\Rightarrow 132=?$

अत: ? के स्थान पर 132 होगा।

**78. निम्न के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-**

**रियायत : तुष्ट करना : :**

(a) बंदूक : थामना (b) अभ्यास : दुर्बल

(c) उत्प्रेरक : अवक्षेप (d) वकील : प्रशमन

**उत्तर—(c)**

जिस प्रकार किसी वस्तु की कीमत पर रियायत (conecssion) करने से वस्तु शुद्ध कीमत पर प्राप्त होती है और हमें सांत्वना (Placate) प्राप्त होती है। उसी प्रकार यदि किसी अशुद्ध विलयन में उत्प्रेरक (Catalyst) मिलाया जाए, तो केवल शुद्ध पदार्थ का विलयन ही रह जाता है शेष अशुद्धि अवक्षेप के रूप में प्राप्त हो जाती है।

**79. निम्न पैटर्न का अध्ययन कीजिए-**

**3 + 2 + 5 = 153030**

**8 + 4 + 3 = 243996**

**9 + 2 + 4 = 364872**

**5 + 4 + 5 = 2550100**

**उपर्युक्त पैटर्न का प्रयोग करके 7 + 2 + 5 ज्ञात कीजिए-**

(a) 147070 (b) 355050

(c) 355070 (d) 357070

**उत्तर—(c)**

जिस प्रकार




तथा $(3+2+1)\times 5=6\times 5\Rightarrow \underline{30}$ बीच वाली संख्या

इस प्रकार $3+2+5=15\ 30\ 30$




तथा $(8+4+1)\times 3=13\times 3\Rightarrow \underline{39}$

$9+2+4=36\,48\,72$

एवं $5+4+5=25\,50\,100$

उसी प्रकार




तथा $(7+2+1)\times 5=10\times 5\Rightarrow \underline{50}$

**80. दो संख्याओं, जिसका योग 12 है, के गुणनफल का अधिकतम मान है-**

(a) 32 (b) 35

(c) 36 (d) 20

**उत्तर—(c)**

माना एक संख्या $x$ है तब दूसरी संख्या $12-x$ होगी।

माना दोनों संख्याओं का गुणनफल S है तब

$S=x(12-x)$

$S=12x-x^2$ ........(i)

दोनों पक्षों का $x$ के सापेक्ष अवकलन करने पर

$$\frac{ds}{dx}=12-2x$$

S के अधिकतम मान के लिए, $\frac{ds}{dx}=0$

$\Rightarrow 12-2x=0$

$\Rightarrow x=6$

समी. (i) से, दोनों का अधिकतम गुणनफल

$S=6(12-6)$

$S=36$

**द्वितीय विधि -**

ऐसी दो संख्याएं जिनका योगफल 12 है, निम्न हैं-

$1+11=12$ तथा $1\times 11=11$

$2+10=12$ तथा $2\times 10=20$

$3+9=12$ तथा $3\times 9=27$

$4+8=12$ तथा $4\times 8=32$

$5+7=12$ तथा $5\times 7=35$

$6+6=12$ तथा $6\times 6=36$

उपर्युक्त से स्पष्ट है कि दोनों संख्याएं जब 6 और 6 हों तब उनका गुणनफल अधिकतम होगा।

**81. A किसी कार्य को 18 दिनों में कर सकता है। B उसी कार्य को 12 दिनों में कर सकता है। C उन दोनों की सहायता से उस कार्य को 3 दिनों में करता है, तो C अकेला कार्य कितने समय में कर सकता है?**

(a) $12\frac{1}{7}$ दिनों में (b) $8\frac{3}{7}$ दिनों में

(c) $5\frac{1}{7}$ दिनों में (d) $1\frac{3}{7}$ दिनों में

**उत्तर—(c)**

A के द्वारा 1 दिन में किया गया कार्य = $\frac{1}{18}$

B के द्वारा 1 दिन में किया गया कार्य = $\frac{1}{12}$

तथा A, B और C के द्वारा 1 दिन में किया गया कार्य = $\frac{1}{3}$

माना C अकेला उस काम को $x$ दिन में कर सकता है।

$$\therefore \frac{1}{18}+\frac{1}{12}+\frac{1}{x}=\frac{1}{3} \Rightarrow \frac{1}{x}=\frac{1}{3}-\frac{5}{36}$$

$$\Rightarrow \frac{1}{x}=\frac{7}{36} \Rightarrow \quad x=5\frac{1}{7} \text{ दिन}$$

**82. 20 वस्तुओं की लागत कीमत $x$ वस्तुओं की विक्रय कीमत के बराबर है। यदि लाभ 25% है, तो $x$ का मान निर्धारित कीजिए।**

(a) 14 (b) 15

(c) 16 (d) 17

**उत्तर—(c)**

माना एक वस्तु का क्रय मूल्य 1 रु.है।

$\therefore$ $x$ वस्तु का क्रय मूल्य = $x$ रु.

तथा $x$ वस्तु का विक्रय मूल्य = 20 वस्तु के क्रय मूल्य के

= 20 रु.

$\therefore$ लाभ = $20-x$

लाभ प्रतिशत = $\frac{20-x}{x}\times 100$

$$\frac{20-x}{x}\times 100 = 25$$

$$\Rightarrow (20-x)\times 4 = x$$

$$\Rightarrow 80-4x = x$$

$$\Rightarrow 5x = 80$$

$$\Rightarrow x = 16$$

**83. 7 सेमी. और 14 सेमी. के दो पहिए विपरीत दिशा में एक-दूसरे की ओर 1980 सेमी. दूर स्थित दो बिंदुओं A और B से एक साथ लुढ़कना प्रारंभ करते हैं। दोनों प्रति सेकंड समान संख्या में फेरे लेते हैं। यदि दोनों 10 सेकंड के पश्चात मिलते हैं, तो बड़े पहिए की चाल है-**

(a) 88 सेमी./से. (b) 110 सेमी./से.

(c)132 सेमी./से. (d) 154 सेमी./से.

**उत्तर—(c)**




7 सेमी. व्यास वाले पहिए की परिधि = $\pi D_1$

(जहां $D_1$ = छोटे पहिए का व्यास है)

= $7\pi$

= 22 सेमी.

14 सेमी. व्यास वाले बड़े पहिए की परिधि = $\pi\times \pi D_2$

(जहां $D_2$ = बड़े पहिए का व्यास है)

$= \frac{22}{7}\times 14$

= 44 सेमी.

माना प्रति सेकंड फेरों की संख्या $x$ है।

$\because$ दोनों पहिए 10 सेकंड में एक-दूसरे से मिलते हैं तथा समान चक्कर लगाते हैं।

$$\therefore \; x\times 44 + x\times 22 = 1980$$

$$\Rightarrow x = \frac{1980}{66} \Rightarrow x = 30$$

अर्थात दोनों पहिए 30-30 चक्कर लगाते हैं।

$\because$ बड़े पहिए के द्वारा 1 चक्कर में चली दूरी = 44 सेमी.

$\therefore$ बड़े पहिए के द्वारा 30 चक्कर में चली दूरी = 44×30 सेमी.

$\therefore$ बड़े पहिए की चाल $= \frac{44\times 30}{10}$

= 132 सेमी./से.

**84. एक परिवार में छः सदस्य P, Q, R, X, Y और Z हैं। Q, R का पुत्र है लेकिन R, Q की माता नहीं है। P और R विवाहित युगल हैं। Y, R का भाई है। X, P की पुत्री है। Z, P का भाई है। Q, X से किस प्रकार संबंधित है?**

(a) पति (b) पिता

(c) भाई (d) चाचा

**उत्तर—(c)**

परिवार के सभी छः सदस्य निम्न प्रकार से संबंधित हैं-




अतः Q का पिता R है और P एवं R विवाहित युगल हैं। इसलिए Q की माता 'P' होगी तथा P की पुत्री 'X' है जो Q की बहन होगी।
अतः 'Q', 'X' का भाई हुआ।

**85. यदि प्रत्येक संख्या से एक घटाया जाता है**

**Q 2 3 B 9 V 5 L S R F P**

**निम्न में से दाएं से दसवें के दाएं से चौथा क्या होगा?**

(a) 1 (b) 2

(c) 4 (d) 8

**उत्तर—(c)**

प्रत्येक संख्या से 1 घटाने पर-
Q 1 2 B 8 V <u>4</u> L S R F P
उपर्युक्त से स्पष्ट है कि दाएं से दसवें स्थान अर्थात 2 के दाएं से चौथा अर्थात 4 होगा।

**86. किसी शताब्दी का अंतिम दिन नहीं हो सकता-**

(a) सोमवार (b) बुधवार

(c) शुक्रवार (d) शनिवार

**उत्तर—(d)**

100 वर्ष में लीप वर्ष की संख्या = 26

$\therefore$ 100 वर्ष में विषम दिनों की संख्या = 5 दिन

$\therefore 1^{st}$ शताब्दी का अंतिम दिन = शुक्रवार

{$\because$ सोम+मंगल+बुध+बृहस्पति + शुक्र}

पुनः 200 वर्ष में विषम दिनों की संख्या $= \frac{100}{7} \Rightarrow 3$ दिन

$\therefore 2^{nd}$ शताब्दी का अंतिम दिन = बुधवार

इसी प्रकार 300 वर्ष में विषम दिनों की संख्या = 1 दिन

$\therefore 3^{rd}$ शताब्दी का अंतिम दिन = सोमवार

पुनः 400 वर्ष में विषम दिनों की संख्या = 0 दिन

$\therefore 4^{th}$ शताब्दी का अंतिम दिन = रविवार

यह क्रम 400 वर्षो के बाद पुनः दुहराया जाएगा। इस प्रकार शताब्दी का अंतिम दिन मंगलवार, बृहस्पतिवार तथा शनिवार नहीं हो सकता।

**87. निम्न के लिए सही कथन चुनिए-**

**मुख : दांत : चबाना : :**

(a) आंख : पलक :: देखना

(b) सिर : मस्तिष्क :: सोचना

(c) त्वचा : पसीना :: स्पर्श करना

(d) पैर : नृत्य :: अंगुली

**उत्तर—(b)**

जिस प्रकार मुख के अंदर दांत होता है और उसका कार्य चबाना होता है उसी प्रकार सिर के अंदर मस्तिष्क होता है जिसका कार्य सोचना होता है।

**88. निम्न क्रम में गलत संख्या चुनिए-**

**5, 8, 15, 26, 50, 98, 194**

(a) 8 (b) 15

(c) 26 (d) 50

**उत्तर—(b)**

श्रेणी

5, 8, 15, 26, 50, 98, 194

में संख्या 15 गलत है। क्योंकि श्रेणी निम्न प्रकार से बनी है

$5 \times 2 - 2 = 8$

$8 \times 2 - 2 = 14$

$14 \times 2 - 2 = 26$

$26 \times 2 - 2 = 50$

$50 \times 2 - 2 = 98$

$98 \times 2 - 2 = 194$

अतः 15 के स्थान पर 14 होना चाहिए।

**89. क्रम में लुप्त संख्या लिखिए-**

**5, 13, 41, 85, 257, ?**

(a) 516 (b) 517

(c) 716 (d) 717

**उत्तर—(b)**

दिया गया अनुक्रम निम्न प्रकार से बना है-

$5 \times 2 + 3 = 13$

$13 \times 3 + 2 = 41$

$41 \times 2 + 3 = 85$

$85 \times 3 + 2 = 257$

$257 \times 2 + 3 = \boxed{517} = ?$

अर्थात एक बार संख्या में 2 का गुणा करके 3 जोड़ा जा रहा है तथा पुनः 3 का गुणा करके 2 जोड़ा जा रहा है।

**90. अंग्रेजी वर्णमाला में बाएं से 10वें अक्षर और दाएं से 7वें अक्षर के बीच में कौन-सा अक्षर है?**

(a) M (b) N

(c) O (d) P

**उत्तर—(c)**

अंग्रेजी वर्णमाला निम्न है-

A B C D E F G H I [10वें J] K L M N <u>**O**</u> P Q R S [7वें T] U V W X Y Z

उपर्युक्त वर्णमाला में बाएं से 10वें अर्थात J और दाएं से 7वें अक्षर अर्थात T के मध्य 9 अक्षर हैं जिसमें बीच का अक्षर O है।

**91. नीचे दिए गए शब्दों को अर्थपूर्ण क्रम में व्यवस्थित करें-**

(i) पुलिस (ii) अपराध

(iii) न्याय (iv) निर्णय

(v) दंड

(a) ii iii i v iv

(b) ii i iii iv v

(c) i ii iii iv v

(d) i ii iv v iii

**उत्तर—(b)**

दिए गए शब्दों का अर्थपूर्ण क्रम निम्न प्रकार होगा-

अपराध → पुलिस → न्याय → निर्णय → दंड

अर्थात सबसे पहले कोई अपराध करता है फिर पुलिस पकड़ती है और इसके बाद न्याय के लिए उपस्थित होता है जिस पर निर्णय लिया जाता है और अपराध सिद्ध होने पर दंड पाता है।

**92. यदि PALAM को कूट संख्या 43 दी जाती है, तो STUTTGART को क्या संख्या दी जा सकती है?**

(a) 145 (b) 142

(c) 146 (d) 148

**उत्तर—(c)**

जिस प्रकार

P A L A M

↓ ↓ ↓ ↓ ↓

16 1 12 1 13 $= 16 + 1 + 12 + 1 + 13 \Rightarrow 43$

उसी प्रकार

S T U T T G A R T

↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓

19 20 21 20 20 7 1 18 19

$= 19 + 20 + 21 + 20 + 20 + 7 + 1 + 18 + 19$

$\Rightarrow 146$

**93. यदि MASTER को 411259 कूट दिया जाए, तो SERVANT के लिए कूट होगा-**

(a) 1 5 9 4 1 5 2 (b) 1 9 5 1 4 5 9

(c) 1 5 4 9 5 1 9 (d) 1 5 9 1 4 9 5

**उत्तर—(a)**

जिस प्रकार MASTER में,

$M = 13 = 1 + 3 = 4$

$A = 01 = 0 + 1 = 1$

$S = 19 = 1 + 9 = 10 = 1 + 0 = 1$

$T = 20 = 2 + 0 = 2$

$E = 05 = 0 + 5 = 5$

$R = 18 = 1 + 8 = 9$

उसी प्रकार SERVANT को कूट में 1594152 लिखा जाएगा।

**94. लुप्त पद को ज्ञात करने के लिए सही विकल्प चुनिए-**

**e j o, t y d, i n s, x c h, ?**

(a) n r w (b) n s w

(c) m r w (d) m s x

**उत्तर—(c)**

अंग्रेजी वर्णमाला के क्रमानुसार सभी अक्षर 5-5 अक्षर के अंतराल में लिखे गए हैं। इसी प्रकार लिखने पर

$e + 5 = j + 5 = 0 + 5 = t + 5 = y + 5 = d + 5 = i + .........$

$\therefore h + 5 = m$

$m + 5 = r$

$r + 5 = w$

$\therefore ? = mrw$

**निर्देश :** निम्नलिखित को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्न 95 और 96 के उत्तर दीजिए :

**P, Q, R, S, T और U एक षड्भुजाकार टेबल के प्रत्येक कोने पर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। P, U के बाएं से दूसरा है। Q, R और S का पड़ोसी है। T, S के बाएं से दूसरा है।**

**95. यदि Q, U का स्थान लेता है, U, T का स्थान लेता है, T, R का स्थान लेता है और R, Q का स्थान लेता है। Q के दाहिने से दूसरा कौन बैठा है?**

(a) U (b) S

(c) R (d) T

**उत्तर—(c)**

P, Q, R, S, T और U एक षड्भुजाकार टेबल के प्रत्येक कोने पर निम्न प्रकार बैठ सकते हैं-




उपर्युक्त में Q, U का स्थान, U, T का स्थान, T, R का स्थान और R, Q का स्थान लेता है तब,




उपर्युक्त से स्पष्ट है Q के दाहिने दूसरा R बैठा है।

**96. Q के सामने कौन बैठा है?**

(a) P (b) T

(c) S (d) U

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि Q के सामने T बैठा है।

**97. निम्नलिखित संख्याओं के अनुक्रम में ऐसी सम संख्याएं कितनी हैं जिनके ठीक बाद विषम संख्या है और पहले एक**

**सम संख्या आती है?**

8 5 8 6 7 6 8 9 3 2 7 5 3 4 2 2 3 5 5 2 2 8 1 1 9 3 1 7 5 1

(a) 3 (b) 4

(c) 5 (d) कोई नहीं

**उत्तर—(b)**

अनुक्रम

8 5 8 6 7 6 8 9 3 2 7 5 3 4 2 2 35 5 2 2 8 1 1 9 3 1 7 5 1

उपर्युक्त में ऐसी सम संख्या 4 है जिनके ठीक पहले सम संख्या तथा ठीक बाद विषम संख्या है।

**98. यदि शब्द UNIVERSAL के अक्षरों को वर्णमाला के अनुक्रमानुसार पुनर्व्यवस्थित किया जाए तथा इस पुनर्व्यवस्थित क्रम में प्रत्येक अक्षर को बाएं से उसके वर्णक्रम का क्रमांक दिया जाए, तो व्यंजनों तथा स्वरों (vowels) के कुल सांख्यिक मानों का अंतर क्या होगा?**

(a) 19 (b) 17

(c) 15 (d) 21

**उत्तर—(b)**

शब्द UNIVERSAL को वर्णमाला क्रम में लिखने पर

A E I L N R S U V

↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓

1 2 3 4 5 6 7 8 9

पुन: स्वर (A, E, I, U) के स्थानों का योगफल $= 1+2+3+8 \Rightarrow 14$

और व्यंजन (L, N, R, S,V) के स्थानों का योगफल

$= 4+5+6+7+9 \Rightarrow 31$

अंतर $= 31 - 14$

$= 17$

**99. यदि शब्द MEAT के केवल व्यंजनों को इस प्रकार बदला जाए कि उनमें से प्रत्येक अंग्रेजी वर्णमाला में पूर्व अक्षर बने तथा शेष अक्षरों को अपरिवर्तित रखा जाए, तो उस अक्षरों के नए सेट में प्रत्येक अक्षर का प्रयोग केवल एक ही बार करते हुए कितने अर्थवान शब्द बन सकेंगे?**

(a) एक (b) दो

(c) तीन (d) चार

**उत्तर—(b)**

यदि शब्द MEAT के केवल व्यंजनों (M, T) को बदला जाए

तब TEAM → समूह

TEA → चाय

अतः व्यंजकों को बदलकर दो सार्थक शब्द बनाए जा सकते हैं।

**100. सुमित, अर्जुन से वजन में भारी है, परंतु उतना नहीं जितना राकेश भारी है। अर्जुन, जयंत से भारी है। केशव, सुमित से भारी है परंतु उतना नहीं जितना राकेश भारी है। कौन सबसे भारी है?**

(a) सुमित (b) अर्जुन

(c) राकेश (d) केशव

**उत्तर—(c)**

सभी को उनके भार के घटते क्रम में निम्न प्रकार व्यवस्थित किया जा सकता है-




उपर्युक्त से स्पष्ट है कि राकेश सबसे भारी है।

**भाग - IV**

**शैक्षणिक अभियोग्यता**

**101. एक विज्ञान शिक्षक कक्षा VI को 'परिवर्तनों' पर इकाई पढ़ाने की योजना बनाता है। पाठ की तैयारी करते समय उसे सर्वप्रथम निर्धारित करना चाहिए-**

(a) अनुदेशात्मक योजनाएं जिनका वह पालन करेगा।

(b) अनुदेशात्मक सामग्री जिनका वह उपयोग करेगा।

(c) तरीके जिनसे वह विद्यार्थियों का मूल्यांकन करेगा।

(d) विषय के बारे में विद्यार्थियों का पूर्व-ज्ञान।

**उत्तर—(d)**

विज्ञान शिक्षक को सर्वप्रथम विषय के बारे में विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान को निर्धारित करना चाहिए। इससे शिक्षक को अनुदेशात्मक योजनाओं को निर्धारित करने में आसानी होगी।

**102. पियाजे के अनुसार, बच्चों को पढ़ाने के लिए चार्ट, ग्राफ और आरेख का उपयोग किस अवस्था पर उपयोगी विधि है?**

(a) संवेदनगतिक अवस्था (b) पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था

(c) मूर्त-संक्रियात्मक अवस्था (d) आकारिक संक्रियात्मक अवस्था

**उत्तर—(c)**

पियाजे के अनुसार, बच्चों को पढ़ाने के लिए चार्ट, ग्राफ और आरेख का उपयोग मूर्त- संक्रियात्मक अवस्था पर उपयोगी विधि है। इस अवधि का विस्तार 7 से 12 वर्ष तक माना जाता है।

जीन पियाजे का सिद्धांत मूलतः संज्ञानात्मक विकास को स्पष्ट करता है। इसकी चार अवस्थाएं हैं-

(1) **संवेदी पेशीय अवस्था** - यह अवस्था जन्म से लेकर दो वर्ष तक की होती है। इस अवस्था में बच्चा उद्दीपक तथा बाह्य जगत का ज्ञान केवल अपनी संवेदनाओं और शारीरिक क्रियाओं की सहायता से प्राप्त करता है।

(2) **पूर्व संक्रियात्मक अवस्था** - यह अवस्था 2 से 6 वर्ष तक मानी जाती है। इस अवस्था में बालक नई सूचनाओं और अनुभवों को अर्जित करता है।

(3) **मूर्त संक्रियात्मक अवस्था** - इस अवधि का विस्तार 7 से 12 वर्ष तक माना जाता है। इस अवस्था में बालक तार्किक चिंतन करने लगता है लेकिन उसका तर्क केवल मूर्त परिस्थितियों तक ही सीमित रहता है।

(4) **औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था** - यह अंतिम अवस्था है जो 11 वर्ष के बाद प्रारंभ होती है। इस अवस्था में किशोर में अमूर्त और तार्किक चिंतन की योग्यता विकसित हो जाती है।

**103. विषय-वस्तु को पढ़ा लेने के बाद, अध्यापक देखता है कि विद्यार्थी सक्रिय क्रिया पदों जैसे कि समीक्षा, आलोचना करना और फैसला करना का उपयोग कर पाते हैं। इन उद्देश्यों को निम्नलिखित में से किस स्तर पर प्राप्त किया गया?**

(a) विश्लेषण (b) संश्लेषण
(c) मूल्यांकन (d) अनुप्रयोग

**उत्तर—(c)**

विषय-वस्तु को पढ़ा लेने के बाद अध्यापक देखता है कि विद्यार्थी सक्रिय क्रिया पदों जैसे कि समीक्षा, आलोचना करना और फैसला करना का उपयोग कर पाते हैं। इन उद्देश्यों को मूल्यांकन स्तर पर प्राप्त किया जाता है।

**104. जो भी सीखना है या सीखने वाली चीज को स्थापित शब्दों या चित्रों के साथ जोड़ते हुए अर्थ निर्मित करना निम्नलिखित में से किसका उपयोग है?**

(a) स्मृति सहायक युक्तियां
(b) प्रीमैक (Premack) सिद्धांत
(c) स्कैफोल्डिंग (पाड़)
(d) सहायक अधिगम

**उत्तर—(a)**

स्मृति सहायक युक्तियां एक अनुदेशात्मक रणनीति हैं जिसे सूचना या जानकारी के संदर्भ में छात्र/मानव स्मृति में सुधार के लिए डिजाइन किया गया है। यह सूचना या जानकारी को चित्रों या ध्वनि संकेतों के उपयोग के माध्यम से सीखने की नई तकनीक है। आमतौर पर स्मृति सहायक युक्तियों का उपयोग सूचियों एवं श्रवण प्रपत्रों (auditory form) जैसे - छोटी कविता, संक्षेप (acronyms), वाक्यांशों आदि के लिए किया जाता है परंतु अन्य प्रकार की सूचनाओं के लिए भी इनका इस्तेमाल किया जा सकता है।

**105. 'त्योहार मनाने' पर प्रोजेक्ट पूरा करने के माध्यम से एक बच्चों का समूह बहुत से गणितीय कौशल सीख जाता है। यह कौन-सा अधिगम है?**

(a) अनियमित अधिगम (b) सांयोगिक अधिगम
(c) औपचारिक अधिगम (d) अनौपचारिक अधिगम

**उत्तर—(b)**

सांयोगिक अधिगम किसी ऐसे शिक्षण को संदर्भित करता है जो अनियोजित या अनपेक्षित (Unintentional) है। यह कार्य या गतिविधि में संलग्न होने के दौरान विकसित होता है। 'त्योहार मनाने' पर प्रोजेक्ट पूरा के माध्यम से बच्चों के समूह द्वारा गणितीय कौशल सीखना सांयोगिक अधिगम का ही उदाहरण है।

**106. निम्नलिखित में से किसका विचार था कि जो कुछ भी प्रत्यक्ष अनुभव से सीखा जा सकता है वह देखकर या अवलोकन करके भी सीखा जा सकता है। यदि मॉडल सम्मानित, सामर्थ्यपूर्ण और उच्च प्रतिष्ठित पद या सत्ता के व्यक्ति समझे जाते हैं, तो वे अत्यंत प्रभावशील होते हैं। अतः, अधिकांश मामलों में, अध्यापकगण अत्यधिक प्रभावी मॉडल हो सकते हैं।**

(a) कोह्लर (b) बंडूरा
(c) थॉर्नडाइक (d) स्किनर

**उत्तर—(b)**

अवलोकन शिक्षा (Observation learning) वह शिक्षा है जो दूसरों के व्यवहार को देखकर या अवलोकन करके सीखी जाती है। 'बोबो डॉल' (Bobo doll) प्रयोग के लिए प्रसिद्ध एल्बर्ट बंडूरा ने सीखने की इस विधि की खोज की। एल्बर्ट बंडूरा के अनुसार, जो कुछ भी प्रत्यक्ष अनुभव से सीखा जा सकता है वह देखकर या अवलोकन करके भी सीखा जा सकता है। अवलोकन शिक्षा व्यक्तियों विशेषकर बच्चों को सीखने में महत्वपूर्ण है।

**107. निम्नलिखित में से कौन-सा उद्देश्य भावात्मक क्षेत्र से संबंधित है?**

(a) विद्यार्थी चित्र में रंग भर सकते हैं।
(b) विद्यार्थी पत्र लिख सकते हैं।
(c) विद्यार्थी ग्राफ (लेखाचित्र) बना सकते हैं।
(d) विद्यार्थी ईमानदारी को महत्व दे सकते हैं।

**उत्तर—(d)**

ब्लूम के वर्गीकरण को वर्ष 1956 में शैक्षिक मनोवैज्ञानिक डॉ. बेंजामिन ब्लूम के नेतृत्व में बनाया गया था ताकि शिक्षा में उच्चतर विचारों को प्रोत्साहित किया जा सके। जैसे कि तथ्यों को याद रखने के बजाय अवधारणाओं, प्रक्रियाओं और सिद्धांतों का विश्लेषण एवं मूल्यांकन करना। ब्लूम के वर्गीकरण में संज्ञानात्मक डोमेन, भावात्मक डोमेन तथा मनोप्रेरणा (Psychomotor) डोमेन शामिल हैं। इसमें से भावात्मक डोमेन मूल्यात्मक होता है। प्रश्नानुसार विद्यार्थी ईमानदारी को महत्व दे सकते हैं जो कि भावात्मक क्षेत्र से संबंधित है।

**108. क्लासरूम में विद्यार्थियों के नियमित दुर्व्यवहार को समाप्त करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा तरीका ज्यादा उपयोगी है?**

(a) संभावित उपद्रवियों को कक्षा से बाहर कर देना।

(b) गैर-वाचिक इशारों का उपयोग

(c) ध्यान न देना और आगे बढ़ना

(d) पुरस्कार के तौर पर सांकेतिक सुदृढ़कर्ताओं को देना

**उत्तर—(d)**

किसी स्कूल में विद्यार्थियों के व्यवहार में सुधार के लिए टोकेन (सितारे, स्टिकर आदि) कार्यक्रम सबसे ज्यादा प्रभावी तरीका माना जाता है। अतः क्लासरूम में विद्यार्थियों के नियमित दुर्व्यव्हार को समाप्त करने के लिए सुदृढ़कर्ताओं (Reinforcers) को पुरस्कार के तौर पर टोकेन देना ज्यादा उपयोगी है।

**109. बच्चों में सृजनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित तकनीकों/कार्यविधियों में से कौन-सी सर्वाधिक उपयोगी है?**

(a) अनुकरण (b) प्रयोग

(c) संगोष्ठी (d) ब्रेन-स्टोर्मिंग

**उत्तर—(d)**

बच्चों में सृजनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए अनुकरण, प्रयोग, संगोष्ठी, ब्रेन स्टोर्मिंग जैसे विभिन्न गतिविधियां प्रयुक्त होती हैं। इनमें ब्रेन- स्टोर्मिंग सर्वाधिक महत्वपूर्ण विधि है। ब्रेन-स्टोर्मिंग एक समूह रचनात्मक तकनीक है जिसमें किसी समस्या पर समूह सदस्य अपने-अपने विचार रखते हैं तथा निष्कर्ष पर पहुंचते हैं।

**110. क्लासरूम (कक्षाकक्ष) अनुशासन समस्याओं को रोकने के लिए आप निम्नलिखित में से किसे सर्वाधिक महत्वपूर्ण समझते हैं?**

(a) विद्यार्थियों के व्यवहार की कड़ी निगरानी।

(b) नियम और कार्यप्रणालियां स्थापित करना।

(c) क्लासरूम में प्रेरणाजनक वातावरण सृजित करना।

(d) विद्यार्थियों को अच्छे व्यवहार के लिए पुरस्कार देना।

**उत्तर—(b)**

क्लासरूम अनुशासन समस्याओं को रोकने के लिए विद्यार्थियों के लिए नियम और कार्यप्रणालियां स्थापित करना सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

**111. निम्नलिखित में से कौन-से अधिगम परिणामों की निबंध प्रकार के प्रश्नों द्वारा उपयुक्त जांच नहीं होती है?**

(a) विचारों को सुव्यवस्थित और समाकलित करने की योग्यता।

(b) सामग्री या आंकड़े को अलग-अलग करना तथा उसकी व्याख्या करना।

(c) तथ्यों तथा सिद्धांतों का विश्लेषण करने की योग्यता।

(d) समस्या सुलझाने की योग्यता।

**उत्तर—(d)**

निबंध का गद्य साहित्य में महत्वपूर्ण स्थान है। यह गद्य लेखन की एक विशेष विधा है। निबंध लेखन में किसी विषय-वस्तु से संबंधित ज्ञान का सुव्यवस्थित तथा क्रमबद्ध रूप से विश्लेषण किया जाता है। अतः निबंध प्रकार के प्रश्नों की जांच में विचारों को सुव्यवस्थित तथा समाकलित करने की योग्यता, तथ्यों तथा सिद्धांतों का विश्लेषण करने की योग्यता, सामग्री को अलग-अलग करना तथा उसकी व्याख्या जैसी बातों पर ध्यान दिया जाता है न कि समस्या सुलझाने की योग्यता।

**112. अभावग्रस्त विद्यार्थियों का उच्च शैक्षिक स्तर सुनिश्चित करने में मुख्य बाधा कौन-सी है?**

(a) यह विश्वास कि प्रत्येक विद्यार्थी चुनौतीपूर्ण विषय-वस्तु तथा कौशलों पर निपुणता प्राप्त करने में सक्षम नहीं है।

(b) स्कूल पाठ्यचर्या के तुल्य पर्याप्त अनुदेशी सामग्री की अनुपलब्धता।

(c) विद्यार्थियों को यह निर्धारित करने में यथेष्ट स्वायत्तता प्रदान करना कि उन्हें क्या सीखना है और वे उसे कैसे सीखेंगे।

(d) विविध प्रकार की वैयक्तिक, छोटे तथा बड़े समूह की गतिविधियां प्रदान करना।

**उत्तर—(a)**

अभावग्रस्त विद्यार्थियों का उच्च शैक्षिक स्तर सुनिश्चित करने में मुख्य बाधा यह विश्वास है कि प्रत्येक विद्यार्थी चुनौतीपूर्ण विषय वस्तु तथा कौशलों पर निपुणता प्राप्त करने में सक्षम नहीं है।

**113. पढ़ाते समय, अध्यापिका समय-समय पर अपने विद्यार्थियों की प्रगति की निगरानी करने के लिए परीक्षा लेती है। ऐसे परीक्षणों के परिणामों को वह उन क्षेत्रों की पहचान करने के लिए उपयोग करती है जिनमें उसे अपने अनुदेश को बदलने अथवा संशोधित करने की जरूरत हो। उसके द्वारा उपयोग किए जाने वाला मूल्यांकन कहलाता है -**

(a) मानकीय (b) रचनात्मक

(c) संकलनकारी (d) निदानकारी

**उत्तर—(b)**

रचनात्मक मूल्यांकन विभिन्न प्रकार के तरीकों को दर्शाता है जो अध्यापक इकाई या पाठ्यक्रम के दौरान विद्यार्थी की समझ, सीखने की जरूरतों और शैक्षणिक प्रगति के मूल्यांकन प्रक्रियाओं का संचालन करने के लिए उपयोग करते हैं। रचनात्मक मूल्यांकन से शिक्षकों को उन अवधारणाओं की पहचान करने में सहायता मिलती है जिसे छात्रों को समझने में कठिनाई हो रही है।

**114. अधिगम के विभिन्न क्षेत्रों में छात्रों की कठिनाइयों की पहचान करने के लिए अध्यापकों द्वारा उपयोग की जाने वाली कार्यविधि किसका अंश है?**

(a) स्थानन (प्लेसमेंट) मूल्यांकन

(b) रचनात्मक मूल्यांकन

(c) नैदानिक मूल्यांकन

(d) संकलनकारी मूल्यांकन

**उत्तर–(c)**

नैदानिक मूल्यांकन पूर्व मूल्यांकन का एक रूप है जो शिक्षक को विद्यार्थियों की व्यक्तिगत शक्तियों, कमजोरियों, ज्ञान और कौशल को निर्देश के पूर्व निर्धारित करने की अनुमति देता है। यह मुख्य रूप से छात्र कठिनाइयों का निदान करने के लिए तथा पाठ और पाठ्यक्रम नियोजन का मार्गदर्शन करने के लिए उपयोग किया जाता है।

**115. विद्यार्थियों की शैक्षिक सफलता का श्रेष्ठ पूर्वानुमान निम्नलिखित में से कौन-सा कारक करेगा?**

(a) व्यक्तित्व संबंधी कारक (b) शारीरिक स्वास्थ्य

(c) प्रेरणा (d) बुद्धि

**उत्तर–(d)**

विद्यार्थियों की शैक्षिक सफलता के श्रेष्ठ पूर्वानुमान के लिए व्यक्तित्व संबंधी कारक, प्रेरणा, शारीरिक स्वास्थ्य आदि कारकों का अध्ययन किया जाता है। इनमें से बुद्धि सर्वश्रेष्ठ कारक है।

**116. संविधान के अनुच्छेद 21ए के अनुसार-**

(a) बच्चों को 14 वर्ष की आयु तक निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना अनिवार्य है।

(b) 0-14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए शिक्षा मौलिक अधिकार है।

(c) 6 वर्ष की आयु तक बच्चों की शिक्षा का उत्तरदायित्व राज्य का नहीं है।

(d) 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए शिक्षा मौलिक अधिकार है।

**उत्तर–(d)**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21(ए) के तहत शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार घोषित किया गया है। अनुच्छेद 21 (ए) के अनुसार राज्य 6 से 14 वर्ष तक की आयु वाले सभी बालकों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने का उपबंध करेगा।

**117. सह-शिक्षण विद्यालय में कक्षा VI का अध्यापक निम्नलिखित में से किस विकास में लड़कों और लड़कियों के बीच की प्रत्यक्ष भिन्नताओं का अवलोकन करेगा?**

(a) शारीरिक (b) बौद्धिक

(c) सामाजिक (d) नैतिक

**उत्तर–(a)**

सह-शिक्षण विद्यालय में कक्षा VI का अध्यापक शारीरिक विकास में लड़कों एवं लड़कियों के बीच की प्रत्यक्ष भिन्नताओं का अवलोकन करेगा।

**118. निम्नलिखित में से कौन-सा दृष्टिकोण अधिगम को ज्ञान अर्जित करने और उपयोग करने की सक्रिय मानसिक प्रक्रिया के रूप में देखता है?**

(a) रचनावादी (b) व्यवहारवादी

(c) मानवतावादी (d) सामाजिक अधिगम

**उत्तर–(a)**

रचनावादी दृष्टिकोण के समर्थक ज्ञान को अर्जित करने और उपयोग करने की सक्रिय मानसिक प्रक्रिया के रूप में देखते हैं।

**119. 'मुझे दर्जनों स्वस्थ (या तंदुरस्त) बच्चे दीजिए, मैं उन्हें डॉक्टर, जज, भिखारी या चोर भी बना सकता हूं।' यह कथन निम्नलिखित में से किस अधिगम सिद्धांत को प्रदर्शित करता है?**

(a) क्लासिकल या प्रतिष्ठित अनुकूलन

(b) गेस्टाल्ट

(c) क्षेत्र सिद्धांत

(d) व्यवहारवाद

**उत्तर–(d)**

व्यवहारवाद मानव व्यवहार के अध्ययन के लिए एक व्यवस्थित दृष्टिकोण है। व्यवहारवादियों के अनुसार, मानव व्यवहार मुख्य रूप से पर्यावरणीय कारकों पर निर्भर करता है। प्रसिद्ध व्यवहारवादी जॉन वाटसन ने मानव व्यवहार पर पर्यावरणीय कारकों के महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा, ''मुझे दर्जनों स्वस्थ बच्चे दीजिए, मैं उन्हें डॉक्टर, जज, भिखारी या चोर भी बना सकता हूं।'

**120. जैविक रूप से क्रमादेशित, समयोपरि स्वाभाविक रूप से होने वाले परिवर्तन हैं-**

(a) परिपक्वन संबंधी

(b) विकासात्मक

(c) क्रमिक विकासीय (इवोल्यूशनरी)

(d) सांक्रांतिक

**उत्तर–(a)**

जैविक रूप से क्रमादेशित, समयोपरि स्वाभाविक रूप से होने वाले परिवर्तन परिपक्वन संबंधी परिवर्तन कहलाते हैं।

**भाग - V**

**हिंदी**

**121. सही शब्द है-**

(a) उज्वल (b) उज्जवल

(c) उज्ज्वल (d) उज्वल्ल

**उत्तर—(c)**

‘उज्ज्वल’ शब्द की वर्तनी शुद्ध है। शेष अन्य विकल्पों में अशुद्ध वर्तनी है।

**122. ‘प्रेम’ का वर्ण-विच्छेद होगा-**

(a) प् + र् + ए + म् + अ

(b) प् + अ + र् + ए + म् + अ

(c) प् + र् + ए + म्

(d) प् + र् + ऐ + म् + अ

**उत्तर—(a)**

‘प्रेम’ का वर्ण-विच्छेद है ‘प् + र् + ए + म् + अ’।

**123. अनुस्वार के संबंध में कौन-सा विकल्प उपयुक्त नहीं है?**

(a) अनुस्वार का उच्चारण आगे आने वाले व्यंजन से प्रभावित होता है।

(b) अनुस्वार नासिक्य व्यंजन होता है।

(c) अनुस्वार को ——ं—— रूप में दर्शाया जाता है।

(d) अनुस्वार को ___ँ___ रूप में दर्शाया जाता है।

**उत्तर—(d)**

अनुस्वार का उच्चारण आगे आने वाले व्यंजन से प्रभावित होता है। यह नासिक्य व्यंजन होता है। अनुस्वार को ‘_ं_’ रूप में दर्शाया जाता है जबकि चंद्रबिंदु को ‘_ँ_’ रूप में दर्शाया जाता है। अनुस्वार (_ं ) एवं विसर्ग (।:) अयोगवाह ध्वनियां हैं।

**124. कौन-सी लिपि दाईं ओर से बाईं ओर लिखी जाती है?**

(a) रोमन (b) देवनागरी

(c) फारसी (d) रूसी

**उत्तर—(c)**

फारसी लिपि, फारसी - अरबी लिपि दाईं ओर से बाईं ओर लिखी जाती है। इसका प्रयोग फारसी, उर्दू, सिंधी, पंजाबी, आदि भाषाएं लिखने के लिए किया जाता है। देवनागरी एवं रोमन लिपि बाईं ओर से दाईं ओर लिखी जाती है।

**125. कौन-सी भाषा द्रविड़ परिवार की नहीं है?**

(a) कन्नड़ (b) मलयालम

(c) बंगाली (d) तेलुगू

**उत्तर—(c)**

कन्नड़, मलयालम, तेलुगू एवं तमिल द्रविड़ परिवार की भाषाएं हैं जबकि बंगाली भाषा द्रविड़ परिवार की नहीं है। बंगाली भाषा का संबंध मागधी प्राकृत से विकसित मागधी अपभ्रंश (जिसे गौड़ी अपभ्रंश कहते हैं) से है। यह भारतीय- आर्य परिवार की भाषा है।

**126. ‘ह्रस्व’ का विलोम होगा-**

(a) लंबा (b) विशाल

(c) दीर्घ (d) बड़ा

**उत्तर—(c)**

‘ह्रस्व’ का विलोम ‘दीर्घ’ होता है। ‘लंबा’ का विलोम ‘नाटा/ठिगना’ होता है। ‘विशाल’ का विलोम ‘क्षुद्र’ होता है। ‘छोटा’ का विलोम ‘बड़ा’ होता है।

**127. ‘झाँसी की रानी’ किस प्रकार का उपन्यास है?**

(a) तिलस्मी (b) सामाजिक

(c) ऐतिहासिक (d) जासूसी

**उत्तर—(c)**

‘झाँसी की रानी’ वृन्दावनलाल वर्मा द्वारा लिखित ऐतिहासिक उपन्यास है। इनके अन्य उपन्यास हैं विराटा की पद्मिनी, गढ़ कुण्डार, अहिल्याबाई, माधवजी सिंधिया, मृगनयनी आदि।

**128. किस कवि का संबंध प्रगतिवाद से नहीं है?**

(a) रामदरश मिश्र (b) मुक्तिबोध

(c) त्रिलोचन (d) नागार्जुन

**उत्तर—(a)**

मुक्तिबोध, त्रिलोचन, नागार्जुन, रांगेय राघव, केदारनाथ अग्रवाल आदि प्रगतिवादी कवि हैं जबकि रामदरश मिश्रा, केदारनाथ सिंह, गिरिजा कुमार माथुर, सर्वेश्वर दयाल सक्सेना, रघुवीर सहाय, श्रीकांत वर्मा आदि नई कविता एवं समकालीन कविता के कवि हैं। प्रगतिवाद का प्रारंभ वर्ष 1936 से माना जाता है। मार्क्सवादी दर्शन के आलोक में सामाजिक चेतना और भावबोध को अपना लक्ष्य बनाकर चलने वाली काव्यधारा प्रगतिवादी काव्यधारा कही गई।

**129. रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून।**
**पानी गये न ऊबरै मोती, मानस, चून।।**
**इस दोहे में कौन-सा अलंकार है?**

(a) वक्रोक्ति अलंकार (b) श्लेष अलंकार

(c) अर्थालंकार (d) विभावना

**उत्तर—(b)**

जब किसी शब्द का एक बार प्रयोग होता है और प्रसंगानुसार उस शब्द के अनेक अर्थ निकलते हैं तब श्लेष अलंकार होता है। श्लेष अलंकार के दो भेद हैं अभंग श्लेष अलंकार और सभंग श्लेष अलंकार। जब बिना किसी भंग (टुकड़े) के ही अनेक अर्थ

स्पष्ट हो जाएं तब अभंग श्लेष अलंकार होता है। जैसे-

'रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून।
पानी गये न ऊबरै, मोती, मानस, चून।।

इस दोहे में पानी के तीन अर्थ क्रमशः 'कांति (चमक), आत्मप्रतिष्ठा और जल' शब्दों में अर्थ बिना टुकड़े किए ही हो जाता है।'

जब किसी शब्द को भंग करने पर अनेक अर्थों की प्राप्ति हो, तो वहां सभंग श्लेष अलंकार होता है। जैसे -

'चिर जीवो जोरी जुरे, क्यों न सनेह गंभीर।
को घटि में वृषभानुजा, वे हलधर के वीर।।'

इस दोहे में वृषभानुजा शब्द (वृषभ + अनुजा एवं वृषभानु + जा) के भंग करने पर अर्थ की प्राप्ति होती है।

**130. 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' आत्मकथात्मक पुस्तक का रचनाकार कौन है?**

(a) कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर (b) हरिवंशराय बच्चन
(c) चतुरसेन शास्त्री (d) शिवपूजन सहाय

**उत्तर—(b)**

'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' आत्मकथात्मक पुस्तक के रचनाकार 'हरिवंशराय बच्चन' हैं। इनकी अन्य रचनाएं हैं- नीड़ का निर्माण फिर, दशद्वार से सोपान तक, बसेरे से दूर आदि।

**131. मनुष्य होने पर रसखान ने कहाँ बसने की इच्छा व्यक्त की है?**

(a) गोकुल के गांव में। (b) मथुरा नगर में।
(c) घने जंगल में। (d) नदी के किनारे।

**उत्तर—(a)**

मनुष्य होने पर रसखान ने गोकुल के गांव में बसने की इच्छा व्यक्त की है। रसखान की कविताओं के दो संग्रह प्रकाशित हुए हैं- सुजान रसखान और प्रेमवाटिका। सुजान रसखान में 139 सवैये एवं कवित्त हैं। प्रेमवाटिका में 52 दोहे हैं।

**132. भारत की संपर्क भाषा है-**

(a) अंग्रेजी (b) हिंदी
(c) उर्दू (d) मराठी

**उत्तर—(b)**

संपर्क भाषा का अर्थ होता है- ऐसी भाषा जो दो विभिन्न भाषिक क्षेत्रों के बीच संपर्क सूत्र का कार्य करे। स्वाभाविक रूप से हिंदी सारे देश में संपर्क भाषा का कार्य करती है। इस कारण हिंदी भारत की संपर्क भाषा है।

**133. 'मुझे चांद चाहिए' की नायिका कौन हैं?**

(a) मृणाल (b) निर्मला
(c) सुनीता (d) वर्षा वशिष्ठ

**उत्तर—(d)**

'मुझे चांद चाहिए' उपन्यास की नायिका वर्षा वशिष्ठ हैं। यह उपन्यास सुरेंद्र वर्मा द्वारा लिखा गया है जिसके लिए उन्हें वर्ष 1996 में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया था। इनके द्वारा लिखित अन्य उपन्यास हैं- अंधेरे से परे, दो मुर्दों के लिए गुलदस्ता आदि। सुरेंद्र वर्मा को उनके उपन्यास 'काटना शमी का वृक्ष : पद्म पंखुरी की धार से' के लिए वर्ष 2016 का व्यास सम्मान प्रदान किया गया है।

**134. 'कबहूँ जोग बियोग न जाके।
देखा प्रगट बिरह दुखु ताके।।'
उपर्युक्त पंक्तियां कहां से उद्धृत हैं और रचनाकार कौन हैं?**

(a) गीतावली और तुलसीदास
(b) सूर-सागर और सूरदास
(c) पद्मावत और जायसी
(d) रामचरितमानस और तुलसीदास

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त पंक्तियां 'रामचरितमानस' से उद्धृत हैं और इसके रचनाकार तुलसीदास हैं।

**135. कबीरदास को मानवतावादी कवि क्यों कहा जाता है?**

(a) वे मानव थे।
(b) वे मानव के बीच नहीं रहते थे।
(c) उन्होंने मानव-मानव में भेद न करते हुए सबके उत्थान की बातें की।
(d) मानव की पीड़ा की परवाह नहीं की।

**उत्तर—(c)**

कबीर ने मानव-मानव में भेद न करते हुए सबके उत्थान की बातें की थी इस कारण उन्हें मानवतावादी कवि कहा जाता है। कबीर ने सामाजिक विषमताओं का विरोध किया क्योंकि यह मानव का शोषण करती थीं। उन्होंने वर्णव्यवस्था को उसकी अमानवीयता के कारण अपनी कटु आलोचना का विषय बनाया। उन्होंने धार्मिक आडंबरों का भी विरोध किया जो मानव, मानव में भेद करते थे।

**136. 'वह आता
दो टूक कलेजे के करता पछताता पथ पर आता।'
उपर्युक्त पंक्तियां किस कविता से हैं और इनके रचनाकार कौन हैं?**

(a) मजदूर और सुमित्रानंदन पंत
(b) भिक्षुक और ललित शुक्ल
(c) किसान और केदारनाथ अग्रवाल
(d) भिक्षुक और सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त पंक्तियां सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' द्वारा रचित 'भिक्षुक' कविता से उद्धृत हैं। निराला जी की अन्य कविताएं हैं सरोज स्मृति, राम की शक्ति पूजा, जूही की कली, अनामिका, परिमल आदि।

**137. जैनेंद्र के किस उपन्यास पर फीचर फिल्म बनी है?**

(a) कल्याणी (b) त्यागपत्र

(c) परख (d) सुनीता

**उत्तर—(b)**

जैनेंद्र के उपन्यास 'त्यागपत्र' पर फीचर फिल्म बनी थी। इनके द्वारा लिखित अन्य उपन्यास हैं- परख, सुनीता, कल्याणी, विवर्त, सुखदा, व्यतीत, जयवर्धन आदि।

**138. छायावाद की प्रमुख विशेषता है-**

(a) यथातथ्य निरूपण (b) संवाद कौशल

(c) पलायनवादी प्रवृत्ति (d) प्रकृति का मानवीकरण

**उत्तर—(d)**

छायावाद की प्रमुख विशेषता 'प्रकृति का मानवीकरण' है। छायावादी काव्य में प्रकृति का आलंबन, उद्दीपन, मानवीकरण, दूती रहस्यवादी रूप में चित्रण हुआ है। जैसे-

''मेघमय आसमान से उतर रही है,
संध्या सुन्दरी परी सी,
धीरे-धीरे''

**139. 'अजगर करै न चाकरी, पंछी करै न काम' - किस कवि ने कहा था?**

(a) सुंदरदास (b) श्यामसुंदर

(c) मलूकदास (d) दादूदयाल

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त पंक्ति के रचनाकार मलूकदास हैं। मलूकदास ज्ञानमार्गी निर्गुण भक्ति काव्यधारा के कवि हैं। उन्होंने अवधी एवं ब्रजभाषा में काव्य रचना की है। ज्ञानबोध, रतनखान, ज्ञानपरोछि आदि की रचना अवधी भाषा में हुई है और कृष्णचरित्र से संबद्ध ग्रंथों की भाषा ब्रजभाषा है। उन्होंने संस्कृत, फारसी और अन्य बोलियों के शब्दों का प्रयोग किया है।

**140. सूरदास की अधिकतर रचनाएं किस भाषा में हैं?**

(a) अवधी (b) अपभ्रंश

(c) ब्रजभाषा (d) भोजपुरी

**उत्तर—(c)**

सूरदास की अधिकतर रचनाएं ब्रजभाषा में हैं। सूरदास की ब्रजभाषा में चित्रात्मकता, अलंकारिता, भावात्मकता, सजीवता, प्रतीकात्मकता तथा बिंबात्मकता पूर्णरूप से विद्यमान हैं। ब्रजभाषा के अग्रदूत सूरदास ने इस भाषा को जो गौरव गरिमा प्रदान की, उसके फलस्वरूप ब्रजभाषा अपने युग में काव्य भाषा के राजसिंहासन पर आसीन हो सकी।

**141. 'मैथिल कोकिल' के नाम से कौन कवि जाना जाता है?**

(a) विद्यापति (b) अमीर खुसरो

(c) मलिक मुहम्मद जायसी (d) भूषण

**उत्तर—(a)**

विद्यापति को 'मैथिल कोकिल' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने देशभाषा मैथिली में 'पदावली' की रचना की। पदावली में यों तो राजस्तुतिपरक पद भी मिलते हैं। किंतु इसमें मुख्य रूप से भक्ति एवं शृंगार का समन्वय मिलता है। विद्यापति ने 'अवहट्ट' भाषा में 'कीर्तिलता' एवं 'कीर्तिपताका' की रचना की है।

**142. 'मैं नीर भरी दुख की बदली' - किसकी पंक्ति है?**

(a) सुभद्राकुमारी चौहान (b) महादेवी वर्मा

(c) निर्मला जैन (d) इंदु जैन

**उत्तर—(b)**

'मैं नीर भरी दु:ख की बदली' पंक्ति की रचनाकार महादेवी वर्मा हैं। इनके प्रमुख काव्य संग्रह हैं- नीहार, रश्मि, नीरजा, सांध्यगीत, यामा आदि।

**143. महादेवी ने 'गौरा' संस्मरण किस पर लिखा है?**

(a) गिलहरी (b) गाय

(c) हिरनी (d) कुतिया

**उत्तर—(b)**

महादेवी वर्मा ने गौरा संस्मरण 'गाय' पर लिखा है। महादेवी वर्मा छायावाद की प्रमुख कवयित्री हैं। उनके द्वारा लिखित काव्य कृतियां हैं नीहार, रश्मि, नीरजा, सांध्यगीत, दीपशिखा, यामा एवं सप्तपर्णा। उनकी गद्य कृतियां हैं अतीत के चलचित्र, स्मृति की रेखाएं, पथ के साथी, मेरा परिवार आदि।

**144. निम्नलिखित में से कौन-सा रचनाकार छायावाद के चार स्तंभों में से नहीं है?**

(a) जयशंकर प्रसाद (b) महादेवी वर्मा

(c) मैथिलीशरण गुप्त (d) सुमित्रानंदन पंत

**उत्तर—(c)**

छायावाद के चार स्तंभों में शामिल कवि हैं- जयशंकर प्रसाद, महादेवी वर्मा, सुमित्रानंदन पंत एवं सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'। मैथिलीशरण गुप्त द्विवेदी युग के कवि हैं। इस युग के अन्य कवि हैं- अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध', श्रीधर पाठक, नाथूराम शर्मा 'शंकर' आदि।

**145. आठ भागों में प्रेमचंद की कहानियां किस नाम से संकलित हैं?**

(a) मानसरोवर (b) ज्ञान सरोवर

(c) प्रेमचंद की कहानियां (d) नमक का दरोगा

**उत्तर—(a)**

आठ भागों में प्रेमचंद की कहानियां 'मानसरोवर' नाम से संकलित हैं। इनकी प्रमुख कहानियों में शामिल हैं- मंत्र, बड़े घर की बेटी, बूढ़ी काकी, ईदगाह, पूस की रात, कफन, ठाकुर का कुआं आदि।

**146. कर-सरोज जयमाल उठाई।**
**प्रेम विवश पहिराइ न जाई।।**
**उपर्युक्त पंक्तियों में निहित प्रमुख अलंकार है -**

(a) उपमा (b) उत्प्रेक्षा
(c) रूपक (d) अनुप्रास

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त पंक्तियों में निहित प्रमुख अलंकार रूपक अलंकार है। यहां 'कर-सरोज' शब्दों में 'कर' (हाथ - उपमेय) पर 'सरोज' (कमल - उपमान) का आरोप किया गया है। जहां उपमेय पर उपमान का अरोप किया जाए अर्थात् उपमेय और उपमान में कोई अंतर न दिखाई पड़े वहां रूपक अलंकार होता है।

**147. निम्नलिखित काव्यांश में अलंकार हैं -**
**हीरे सा हृदय हमारा**
**कुचला शिरीष कोमल ने**

(A) उपमा (B) श्लेष
(C) उत्प्रेक्षा (D) अनुप्रास

**कूट :**

(a) A, B (b) B, C
(c) C, D (d) A, D

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त काव्यांश जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित 'आंसू' नामक कविता से उद्धृत है। इस काव्यांश के प्रथम भाग 'हीरे-सा हृदय हमारा' में उपमा अलंकार है क्योंकि यहां 'हीरा' एवं 'हृदय' में अंतर रहते हुए भी गुण की समानता दिखाई जा रही है। 'सा' वाचक धर्म है। जहां दो वस्तुओं में अंतर रहते हुए भी आकृति एवं गुण की समानता दिखाई जाए वहां उपमा अलंकार होता है। काव्यांश के द्वितीय भाग 'कुचला' एवं 'कोमल' शब्दों में 'क' वर्ण की आवृत्ति होने से अनुप्रास अलंकार है।

**148. प्रसाद की किस कृति का अन्य भाषाओं में भी अनुवाद हुआ है?**

(a) लहर (b) झरना
(c) कामायनी (d) स्कंदगुप्त

**उत्तर—(c)**

विकल्प में दी गई जयशंकर प्रसाद की रचनाओं में 'कामायनी' का अंग्रेजी, फ्रेंच, तेलुगू आदि भाषाओं में अनुवाद हुआ है।

**149. 'अशोक के फूल' निबंध का रचयिता कौन है?**

(a) महावीरप्रसाद द्विवेदी (b) विद्यानिवास मिश्र
(c) हजारीप्रसाद द्विवेदी (d) कुबेरनाथ राय

**उत्तर—(c)**

'अशोक के फूल निबंध' के लेखक हजारीप्रसाद द्विवेदी हैं। इनके निबंध संग्रह हैं- कल्पलता, विचार एवं वितर्क, विचार प्रवाह, कुटज, आलोक प्रवाह। इनके द्वारा लिखित उपन्यास हैं- बाणभट्ट की आत्मकथा, चारु-चंद्रलेखा, पुनर्नवा और अनामदास का पोथा। इनके साहित्येतिहास से संबंधित ग्रंथ हैं- हिंदी साहित्य की भूमिका, हिंदी साहित्य का आदिकाल आदि।

**150. 'मैला आंचल' उपन्यास किस अंचल से जुड़ा है?**

(a) बुंदेलखंड (b) पूर्णिया
(c) छत्तीसगढ़ (d) अवध

**उत्तर—(b)**

फणीश्वरनाथ रेणु द्वारा लिखित उपन्यास 'मैला आंचल' का कथानक बिहार के पूर्णिया अंचल से जुड़ा है। रेणु द्वारा लिखित अन्य उपन्यास हैं- परती परिकथा, जुलूस, दीर्घतपा, कितने चौराहे और पलटू बाबू रोड।

**151. 'उसने कहा था' कहानी के लेखक हैं-**

(a) जयशंकर प्रसाद (b) रामवृक्ष बेनीपुरी
(c) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी' (d) वृन्दावनलाल वर्मा

**उत्तर—(c)**

'उसने कहा था' कहानी के लेखक चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी' हैं। इनकी अन्य कहानियां हैं- सुखमय जीवन, बुद्धू का कांटा।

**152. 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को किस रूप में स्वीकृत किया गया?**

(a) राष्ट्रभाषा (b) भारत संघ की राजभाषा
(c) संपर्क भाषा (d) मानक भाषा

**उत्तर—(b)**

14 सितंबर, 1949 को हिंदी को भारत संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकृत किया गया।

**153. कौन-सी भाषा रोमन लिपि में नहीं लिखी जाती?**

(a) जर्मन (b) अंग्रेजी
(c) चीनी (d) फ्रांसीसी

**उत्तर—(c)**

रोमन लिपि में लिखी जाने वाली भाषाओं में शामिल हैं- जर्मन, अंग्रेजी, फ्रांसीसी, स्पेनिश, पुर्तगाली, इतालवी, डच, नॉर्वेजियन, स्वीडिश, रोमानियाई आदि। चीनी (मंदारिन) भाषा चीनी लिपि (चित्रात्मक लिपि) में लिखी जाती है।

**154. निम्नलिखित विशेषताओं में से कौन-सी विशेषता छायावाद की नहीं है?**

(a) प्रकृति चित्रण (b) दार्शनिकता
(c) वीर रस की प्रधानता (d) प्रेम वर्णन

**उत्तर—(c)**

वीर रस की प्रधानता छायावाद की विशेषता नहीं है। छायावाद की प्रमुख विशेषताएं हैं- प्रकृति चित्रण, दार्शनिकता, प्रेम वर्णन, वैयक्तिकता, स्वातंत्र्य चेतना, अनूभूति की प्रतिष्ठा, सौंदर्य चेतना, वेदना की विवृत्ति आदि।

**155. आंचलिक उपन्यासों और उनके लेखकों के नामों का मिलान कीजिएः**

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | बलचनमा | i. | फणीश्वरनाथ रेणु |
| B. | परती परिकथा | ii. | राही मासूम रजा |
| C. | करिये छिमा | iii. | नागार्जुन |
| D | टोपी शुक्ला | iv. | शैलेष मटियानी |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | iii | i | iv | ii |
| (b) | i | ii | iii | iv |
| (c) | iv | iii | ii | i |
| (d) | ii | i | iii | iv |

**उत्तर—(a)**

सही सुमेलित हैं-

| | |
|---|---|
| बलचनमा | नागार्जुन |
| परती परिकथा | फणीश्वरनाथ रेणु |
| करिये छिमा | शैलेष मटियानी |
| टोपी शुक्ला | राही मासूम रजा |

नवोदय द्वारा जारी अंतिम उत्तर-पत्रक में इस प्रश्न को हटा दिया गया है।

**156. निम्नलिखित वाक्य रचना की दृष्टि से किस भेद के अंतर्गत जाएगा?**

**''जैसी नीयत होती है, अल्लाह भी वैसी ही बरकत देता है।''**

(a) सरल वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्र वाक्य (d) महा वाक्य

**उत्तर—(c)**

प्रश्नगत वाक्य मिश्र वाक्य है। जिन वाक्यों में एक मुख्य या प्रधान वाक्य हो और अन्य आश्रित उपवाक्य हों, उन्हें मिश्र वाक्य कहते हैं। मुख्य उपवाक्य की पुष्टि, समर्थन स्पष्टता या विस्तार के लिए ही आश्रित उपवाक्य आते हैं। आश्रित उपवाक्य तीन प्रकार के होते हैं 1. संज्ञा उपवाक्य, 2. विशेषण उपवाक्य और 3. क्रिया-विशेषण उपवाक्य।

**157. निम्नलिखित वाक्य में प्रधान उपवाक्य है :**

**मेरा यह सोचना कि लोकेश प्रतिभाशाली छात्र है, सही निकला।**

(a) मेरा यह सोचना
(b) लोकेश प्रतिभाशाली छात्र है
(c) सही निकला
(d) मेरा यह सोचना, सही निकला

**उत्तर—(d)**

प्रश्नगत वाक्य में प्रधान उपवाक्य है 'मेरा यह सोचना, सही निकला'। मिश्र वाक्य के दो भेद हैं प्रधान उपवाक्य और आश्रित उपवाक्य। किसी वाक्य में जो उपवाक्य किसी पर आश्रित नहीं होता अर्थात स्वतंत्र होता है और उसकी क्रिया मुख्य होती है वह प्रधान या मुख्य वाक्य कहलाता है। किसी वाक्य में जो उपवाक्य इसके उपवाक्य पर निर्भर होता है और किसी न किसी व्यधिकरण से जुड़ा होता है वह आश्रित उपवाक्य कहलाता है।

**158. वे शब्दांश जो शब्द के आरंभ में लगकर नए शब्द का निर्माण करते हैं, उन्हें क्या कहते हैं?**

(a) प्रत्यय (b) उपसर्ग
(c) पद (d) पदबंध

**उत्तर—(b)**

वे शब्दांश जो शब्द के आरंभ में लगकर नए शब्द का निर्माण करते हैं, उन्हें उपसर्ग कहते हैं। जैसे - प्र + हार = प्रहार, परा + जय = पराजय एवं अप + मान = अपमान। इन शब्दों में प्र, परा एवं अप उपसर्गों का प्रयोग हुआ है।

**159. रेखांकित पद का कारक पहचान कर सही विकल्प चुनिए-**

**उसने अपने <u>मित्र को</u> दो पुस्तकें दीं।**

(a) कर्ता (b) संबंध
(c) कर्म (d) संप्रदान

**उत्तर—(d)**

रेखांकित पद 'मित्र को' में संप्रदान कारक है। जिसके लिए कोई क्रिया की जाती है, उसे संप्रदान कारक कहते हैं। इसका विभक्ति चिह्न 'को', 'के लिए' है।

**160. निर्गुण भक्ति के कवि नहीं हैं-**

(a) रैदास (b) कबीरदास
(c) दादू (d) श्री रामानुजाचार्य

**उत्तर—(d)**

निर्गुण भक्ति कवियों में शामिल हैं- रैदास, कबीरदास, दादू, नानकदेव, मलूकदास, सुंदरदास आदि। श्री रामानुजाचार्य निर्गुण भक्ति कवि नहीं बल्कि सगुण ब्रह्म के उपासक हैं।

**161. <u>पुरस्कार पाने वालों में कुछ</u> हमारे विद्यालय के छात्र हैं। रेखांकित पदबंध है -**

(a) संज्ञा (b) विशेषण
(c) क्रिया (d) क्रिया-विशेषण

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त पंक्ति में रेखांकित अंश संज्ञा पदबंध है। वाक्य में संज्ञा का काम करने वाला पदसमूह संज्ञा पदबंध कहलाता है। जैसे-गोली से घायल बच्चे, रात को पहरा देने वाला आदि।

**162. आप वहाँ मत जाइए।**

**रेखांकित पद का पद-परिचय होगा -**

(a) निषेधवाचक अव्यय

(b) निपात

(c) रीतिवाचक क्रिया-विशेषण, 'जाइए' क्रिया का विशेषण

(d) स्थानवाचक क्रिया-विशेषण, 'जाइए' क्रिया का विशेषण

**उत्तर—(a)**

रेखांकित पद 'मत' निषेधवाचक अव्यय है। निषेधवाचक अव्यय 'न', 'ना', 'नहीं' तथा 'मत' हैं। 'न', 'ना' का प्रयोग किसी भी क्रिया के साथ हो जाता है; किंतु मत का प्रयोग केवल विधि-क्रिया के साथ ही होता है।

**163. किस वाक्य में संयुक्त क्रिया नहीं है?**

(a) तुमने तो मार डाला (b) तुम दूध पी लेना

(c) खाना खा लिया? (d) पढ़ाई कर चुके?

**उत्तर—(a)**

विकल्प (a) में प्रस्तुत वाक्य 'तुमने तो मार डाला' में संयुक्त क्रिया नहीं है। विकल्प (c) एवं (d) में प्रस्तुत वाक्य में समाप्ति बोधक संयुक्त क्रिया (खा लिया एवं कर चुके) है। विकल्प (b) में भी संयुक्त क्रिया 'पी लेना' का प्रयोग किया गया है। जो क्रिया दो या दो से अधिक धातुओं के मेल से बनती है उसे संयुक्त क्रिया कहते हैं। नवोदय द्वारा जारी अंतिम उत्तर-पत्रक में इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (d) दिया गया है।

**164. किस वाक्य में विधेय विशेषण है?**

(a) सुशीला बढ़िया काम करती है

(b) पके फल ही प्रयोग में लाने चाहिए

(c) सभी को नीली छतरी चाहिए

(d) मेहुल का घर आलीशान है

**उत्तर—(d)**

विकल्प (d) में प्रस्तुत वाक्य में विधेय विशेषण है। इस वाक्य में 'मेहुल का घर' विशेष्य है जिसका विशेषण 'आलीशान' है। विशेष्य के बाद आने वाले विशेषण को विधेय विशेषण कहते हैं। ये विशेषण क्रिया से पहले और वाक्य के विधेय भाग के अंतर्गत आते हैं।

**165. निशा शब्द का समानार्थी है-**

(a) अंधकार (b) जुगनू

(c) परिंदा (d) रात्रि

**उत्तर—(d)**

'निशा' शब्द का समानार्थी 'रात्रि' है। परिंदा शब्द पक्षी का समानार्थी है। खद्योत शब्द का समानार्थी जुगनू है।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न सं. 166 से 170 तक पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए-**

संसार के अनेक महान पुरुष मित्रों की बदौलत बड़े-बड़े कार्य करने में समर्थ हुए हैं। मित्रों ने उनके हृदय के उच्च भावों को सहारा दिया है। मित्रों ही के दृष्टांतों को देख-देखकर उन्होंने अपने हृदय को दृढ़ किया है। अहा! मित्रों ने कितने मनुष्यों के जीवन को साधु और श्रेष्ठ बनाया है, उन्हें मूर्खता और कुमार्ग के गड्ढों से निकालकर सात्विकता के पवित्र शिखर पर पहुंचाया है! मित्र उन्हें सुंदर मंत्रणा और सहारा देने के लिए सदा उद्यत रहते हैं, जिनके सुख और सौभाग्य की चिंता वे निरंतर करते रहते हैं। ऐसे भी मित्र होते हैं जो विवेक को जाग्रत करना और कर्तव्य बुद्धि को उत्तेजित करना जानते हैं। ऐसे भी मित्र होते हैं जो टूटे जी को जोड़ना और लड़खड़ाते पांवों को ठहराना जानते हैं। बहुतेरे मित्र हैं जो ऐसे दृढ़ आशय और उद्देश्य की स्थापना करते हैं जिनसे कर्मक्षेत्र में आप भी श्रेष्ठ बनते हैं और दूसरों को भी श्रेष्ठ बनाते हैं। मित्रता जीवन और मरण के मार्ग में सहारे के लिए है। यह सैर-सपाटे और अच्छे दिनों के लिए भी है तथा संकट और विपत्ति के बुरे दिनों के लिए भी है। यह हंसी-दिल्लगी के गुलछर्रों में भी साथ देती है और धर्म के मार्ग में भी। मित्रों को एक-दूसरे के जीवन के कर्तव्यों को उन्नत करके उन्हें साहस, बुद्धि और एकता द्वारा चमकाना चाहिए। हमें अपने मित्र से कहना चाहिए- 'मित्र! अपना हाथ बढ़ाओ। यह जीवन और मरण में हमारा सहारा होगा। तुम्हारे द्वारा मेरी भलाई होगी पर यह नहीं कि सारा ऋण मेरे ही ऊपर रहे, तुम्हारा भी उपकार होगा, जो कुछ तुम करोगे उससे तुम्हारा भी भला होगा।'

**166. मित्रों ने मनुष्यों के जीवन को साधु और श्रेष्ठ कैसे बनाया है?**

(a) मूर्खता और कुमार्ग से हटाकर।

(b) आर्थिक सहायता कर।

(c) पड़ोसियों से मदद मांगकर।

(d) सामाजिक उत्थान कर।

**उत्तर—(a)**

मित्रों ने मनुष्यों के जीवन को साधु और श्रेष्ठ मूर्खता एवं कुमार्ग से हटाकर बनाया।

**167. अच्छे मित्र मित्रों की किन चीजों की चिंता करते हैं?**

(a) आर्थिक उपार्जन की।

(b) जीवन में अनेक साधन जुटाने की।

(c) सुख और सौभाग्य की।

(d) सामाजिक उन्नति की।

**उत्तर—(c)**

अच्छे मित्र मित्रों के सुख और सौभाग्य की चिंता करते हैं।

**168. कर्मक्षेत्र में श्रेष्ठ बनाने के लिए अच्छे मित्र क्या करते हैं?**

(a) तरह-तरह से जी बहलाना।

(b) दृढ़ आशय और उद्देश्य की स्थापना।
(c) कर्म करने के लिए प्रेरित करना।
(d) माता-पिता का आदर करने की शिक्षा देना।

**उत्तर—(b)**

कर्मक्षेत्र में श्रेष्ठ बनाने के लिए अच्छे मित्र, दृढ़ आशय और उद्देश्य की स्थापना करते हैं।

**169. जीवन में उन्नति के लिए किन-किन चीजों की आवश्यकता है?**

(a) आसरा, संकोच और परदु:खकातरता
(b) छल-कपट, दुर्व्यवहार और डर
(c) साहस, बुद्धि और एकता
(d) चालाकी, धूर्तता और फरेब

**उत्तर—(c)**

जीवन में उन्नति के लिए साहस, बुद्धि और एकता की आवश्यकता होती है।

**170. संसार के अनेक महापुरुष बड़े-बड़े कार्य करने में किसकी बदौलत सफल हुए हैं?**

(a) पड़ोसियों के (b) परिवार के
(c) समाज के (d) मित्रों के

**उत्तर—(d)**

संसार के अनेक महापुरुष बड़े-बड़े कार्य करने में मित्रों की बदौलत सफल हुए हैं।

**171. सुमित्रानंदन पंत की रचनाएं मुख्यतः किस युग से संबद्ध हैं?**

(a) प्रगतिवाद युग (b) द्विवेदी युग
(c) छायावादोत्तर युग (d) छायावाद युग

**उत्तर—(d)**

सुमित्रानंदन पंत की रचनाएं मुख्यतः छायावाद युग से संबद्ध हैं। छायावाद के तीन प्रमुख कवियों में सुमित्रानंदन पंत, जयशंकर प्रसाद एवं सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' हैं। पंत जी की प्रमुख काव्य कृतियां हैं- चिदम्बरा, युगवाणी, लोकायतन, पल्लव, गुंजन आदि।

**172. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ने अपनी पुत्री की याद में कौन-सी कविता लिखी?**

(a) कल्याणी (b) सुनीता-स्मृति
(c) सरोज-स्मृति (d) तुम और मैं

**उत्तर—(c)**

सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ने अपनी पुत्री की याद में 'सरोज-स्मृति' कविता लिखी। इनकी अन्य प्रमुख कविताएं हैं- राम की शक्ति पूजा, अनामिका, परिमल, जूही की कली, नए-नए पत्ते आदि।

**173. 'लहर' किस विधा की रचना है?**

(a) नाटक (b) काव्य
(c) निबंध (d) उपन्यास

**उत्तर—(b)**

'लहर' काव्य विधा की रचना है। इसकी रचना जयशंकर प्रसाद ने की है। प्रसाद जी की अन्य काव्य रचनाएं हैं- कामायनी, उर्वशी, आंसू, झरना, प्रेम पथिक, करुणालय आदि।

**174. 'खड़ीबोली' का पहला महाकाव्य है-**

(a) प्रिय प्रवास (b) यशोधरा
(c) रामचरित-चिंतामणि (d) मानसी

**उत्तर—(a)**

'खड़ीबोली' का पहला महाकाव्य 'प्रिय प्रवास' है। इसके रचनाकार अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' हैं। इनकी अन्य काव्य कृतियां हैं- वैदेही वनवास, पारिजात, चुभते चौपदे, चोखे चौपदे, रस कलश, पद्मप्रसून, कृष्ण शतक आदि।

**175. तुलसीदास की प्रमुख रचना है-**

(a) रामायण (b) रामचरितमानस
(c) कीर्तनावली (d) रामरासो

**उत्तर—(b)**

तुलसीदास की प्रमुख रचना 'रामचरितमानस' है। इनकी अन्य रचनाएं हैं- गीतावली, दोहावली, कवितावली, कृष्ण गीतावली, रामाज्ञा प्रश्नावली, हनुमान बाहुक, विनय पत्रिका,रामलला नहछू, पार्वती मंगल, जानकी मंगल, बरवै रामायण आदि।

**176. गोदान उपन्यास की नायिका है-**

(a) धनिया (b) अनुजा
(c) रानी (d) निर्मला

**उत्तर—(a)**

गोदान उपन्यास की नायिका धनिया और नायक होरी है। यह उपन्यास मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखा गया है। प्रेमचन्द के अन्य उपन्यास हैं- गबन, निर्मला, कर्मभूमि, रंगभूमि, सेवासदन, कायाकल्प, प्रेमाश्रय, वरदान आदि।

**177. 'पृथ्वीराजरासो' किस काल और रचनाकार की रचना है?**

| | **काल** | | **रचनाकार** |
|---|---|---|---|
| i. | आधुनिक काल | A. | चंदबरदाई |
| ii. | आदिकाल | B. | जगनिक |
| iii. | भक्तिकाल | C. | नरपति |
| iv. | रीतिकाल | D. | अमीर खुसरो |

(a) A, D (b) B, A
(c) C, B (d) D, C

**उत्तर—(b)**

'पृथ्वीराजरासो' आदिकाल और चंदबरदाई की रचना है। नरपति नाल्ह ने बीसलदेव रासो और जगनिक ने परमाल रासो की रचना की है। ये दोनों रचनाएं आदिकाल की हैं।

**178. धर्मवीर भारती का नाटक, जिसमें महाभारत के कथानक को लेकर आधुनिक युग के अनुकूल अर्थ प्रस्तुत किया गया है-**

(a) स्कंदगुप्त (b) अंधायुग

(c) लहरों का राजहंस (d) आषाढ़ का एक दिन

**उत्तर—(b)**

धर्मवीर भारती द्वारा लिखित नाटक 'अंधायुग' में महाभारत के कथानक को लेकर आधुनिक युग के अनुकूल अर्थ प्रस्तुत किया गया है। 'स्कंदगुप्त' जयशंकर प्रसाद द्वारा लिखित नाटक है। 'लहरों का राजहंस' एवं 'आषाढ़ का एक दिन' मोहन राकेश द्वारा लिखित नाटक हैं।

**179. 'कलम का सिपाही' किसकी जीवनी है और किसने लिखी है?**

(a) प्रेमचंद और अमृतराय

(b) अमृतराय और प्रेमचंद

(c) यशपाल जैन और जैनेंद्र कुमार

(d) जैनेंद्र कुमार और यशपाल जैन

**उत्तर—(a)**

'कलम का सिपाही' मुंशी प्रेमचंद की जीवनी है जिसे अमृतराय ने लिखी है।

**180. 'खंजन नयन' के रचनाकार हैं-**

(a) भीष्म साहनी (b) अमृता प्रीतम

(c) मोहन राकेश (d) अमृतलाल नागर

**उत्तर—(d)**

'खंजन नयन' अमृतलाल नागर द्वारा लिखित उपन्यास है। इनके अन्य उपन्यास हैं- अमृत और विष, अग्निगर्भा, बिखरे तिनके, नाच्यौ बहुत गोपाल, चंदनवन, युगावतार, बात की बात, बूंद और समुद्र, महाकाल, शतरंज के मोहरे, सुहाग के नूपुर, सात घूंघट वाला मुखड़ा, मानस का हंस, एकदा नैमिषारण्ये आदि।

**181. निम्नलिखित में से 'अष्टछाप' के एक कवि हैं-**

(a) श्री वल्लभाचार्य (b) स्वामी विट्ठलनाथ

(c) विद्यापति (d) कृष्णदास

**उत्तर—(d)**

गोस्वामी विट्ठलनाथ ने अपने पिता वल्लभाचार्य के चार शिष्यों और अपने चार शिष्यों को लेकर अष्टछाप के प्रसिद्ध भक्त कवियों की मंडली की स्थापना की। अष्टछाप के कवियों में शामिल थे कुम्भनदास, सूरदास, परमानंददास, कृष्णदास, गोविंदस्वामी, नंददास, छीतस्वामी और चतुर्भुजदास।

**182. 'नागफनी का देश' किस काल की रचना है?**

(a) आधुनिक काल (b) भक्तिकाल

(c) रीतिकाल (d) आदिकाल

**उत्तर—(a)**

'नागफनी का देश' (1953) आधुनिक काल की रचना है। इसके रचनाकार अमृतराय हैं। इनकी अन्य कृतियां हैं- सुबह का रंग, लाल धरती, हाथी के दांत, अग्निशिखा, फांसी के तख्ते से, कस्बे का एक दिन, गीली मिट्टी आदि।

**183. निम्नलिखित पंक्ति में शब्दशक्ति है :**
**'शेर शिवा ने अफ़ज़ल-गज को पल में किया पराजित।'**

(a) अभिधा (b) व्यंजना

(c) लक्षणा (d) शाब्दी व्यंजना

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त काव्यपंक्ति में लक्षणा शब्दशक्ति है। इस पंक्ति में कवि ने शिवाजी को शेर एवं अफ़ज़ल को हाथी (गज) कहा है जो इसका मुख्यार्थ है। किंतु इससे पंक्ति का अर्थ स्पष्ट नहीं होता। अतः मुख्यार्थ से संबंधित लक्ष्यार्थ की आवश्यकता पड़ती है अर्थात शेर रूपी शिवाजी एवं अफ़ज़ल रूपी गज। मुख्यार्थ के बाधित होने पर रुढ़ि या प्रयोजन के कारण शब्द की जिस शक्ति द्वारा मुख्यार्थ से संबंध रखने वाले अन्य अर्थ का बोध हो, उसे लक्षणा कहते हैं।

**184. निम्नलिखित वाक्य में उद्देश्य-विधेय है :**
**नदी-तट का रमणीय दृश्य मेरे मन-मस्तिष्क पर पूरी तरह से छा गया।**

| उद्देश्य | विधेय |
| --- | --- |
| i. नदी-तट का | a. रमणीय दृश्य मेरे मन -मस्तिष्क पर पूरी तरह से छा गया। |
| ii. नदी-तट का रमणीय | b. दृश्य मेरे मन-मस्तिष्क पर पूरी तरह से छा गया। |
| iii. नदी-तट का रमणीय दृश्य | c. मेरे मन-मस्तिष्क पर पूरी तरह से छा गया। |
| iv. नदी-तट का रमणीय दृश्य मेरे मन-मस्तिष्क पर | d. पूरी तरह छा गया |

(a) i, b (b) ii, d

(c) iii, c (d) iv, a

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त वाक्य का उद्देश्य है 'नदी तट का रमणीय दृश्य' और विधेय है 'मेरे मन-मस्तिष्क पर पूरी तरह से छा गया। जिसके विषय में कुछ कहा जाता है उसे सूचित करने वाला शब्द 'उद्देश्य' है। उद्देश्य के विषय में जो कुछ कहा जाता है या उद्देश्य जो कुछ कार्य करता है वह 'विधेय' है।

**185. इलाचंद्र जोशी के उपन्यास 'जहाज का पंछी' को किस श्रेणी में रखा जा सकता है?**

(a) ऐतिहासिक (b) सामाजिक
(c) मनोवैज्ञानिक (d) आत्मकथात्मक

**उत्तर—(c)**

इलाचंद्र जोशी का उपन्यास 'जहाज का पंछी' मनोवैज्ञानिक उपन्यास है। मनोवैज्ञानिक उपन्यासों में मानव मन की असामान्य गतिविधियों का चित्रण मिलता है। हिंदी साहित्य के मनोवैज्ञानिक उपन्यासों की शुरुआत जैनेंद्र कुमार के प्रथम उपन्यास 'परख' से हुई। इसके बाद इलाचंद्र जोशी, अज्ञेय, प्रभाकर माचवे, धर्मवीर भारती, नरेश मेहता, रघुवंश आदि उपन्यासकारों ने मनोवैज्ञानिक उपन्यासों की रचना की।

**186. निम्नलिखित काव्यांश में अलंकार हैं :**
**रवि को चहत सरोज ज्यों, ससि को चहत चकोर।**
**घन को चाहत मोर ज्यों, त्यों तुम को मन मोर।।**

A. उपमा B. रूपक
C. श्लेष D. यमक
(a) A, B (b) B, C
(c) C, D (d) A, C

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त पंक्तियों में उपमा अलंकार एवं श्लेष अलंकार हैं। इन पंक्तियों में उपमा दी गई है जिस तरह सूरज को कमल, चंद्रमा को चकोर और बादल को मोर (मयूर) चाहता है उसी प्रकार तुमको (साध्य या प्रेमी) को मेरा (साधक या प्रेमिका) मन चाहता है। अतः यहां उपमा अलंकार है। उपर्युक्त पंक्तियों में रुपक अलंकार भी है।

**187. 'आधे-अधूरे' नाटक का रचनाकार कौन है?**

(a) विष्णु प्रभाकर (b) डॉ. लक्ष्मीनारायण लाल
(c) मोहन राकेश (d) सफदर हाशमी

**उत्तर—(c)**

'आधे - अधूरे' नाटक के रचनाकार मोहन राकेश हैं। इनके अन्य नाटक हैं- लहरों का राजहंस एवं आषाढ़ का एक दिन।

**188. कृष्णकाव्य का अधिकांश साहित्य मुख्यतः किस भाषा में है?**

(a) ब्रजभाषा (b) अवधी
(c) खड़ीबोली (d) भोजपुरी

**उत्तर—(a)**

कृष्णकाव्य का अधिकांश साहित्य ब्रजभाषा में ही लिखा गया है। सगुण भक्ति कालीन कवियों ने ब्रजभाषा का प्रयोग कृष्णलीला का गान करने के लिया किया। रीतिकाल में भी ब्रजभाषा कृष्ण काव्य की भाषा बनी रही। आधुनिक काल के प्रारंभ में भी कृष्ण काव्य के प्रणयन में ब्रजभाषा का प्रयोग किया गया।

**189. आजकल मौसम बदलने लगा है-**
**रेखांकित पद का पद-परिचय होगा-**

(a) विशेषण, 'मौसम' विशेष्य का विशेषण, पुल्लिंग एकवचन
(b) रीति वाचक क्रिया-विशेषण, 'है' क्रिया का विशेषण
(c) कालवाचक क्रिया-विशेषण, 'बदलने लगा है' क्रिया का विशेषण
(d) कालवाचक क्रिया-विशेषण, 'लगा' क्रिया का विशेषण

**उत्तर—(c)**

रेखांकित पद 'आजकल' कालवाचक क्रिया- विशेषण है और 'बदलने लगा है' क्रिया का विशेषण है। कालवाचक क्रिया-विशेषण के तीन भेद हैं (1) समयबोधक- आजकल, परसों, नरसों, कब, तब आदि, (2) अवधिबोधक- निरंतर, अब तक, लगातार आदि और (3) पौनः पुन्य बोधक - बार-बार, प्रतिदिन आदि।

**190. निम्नलिखित पद्यांश में अलंकार है :**
**झरनों का पानी लेकर गज छिड़क रहे मतवाले।**
**मानो जल बरस रहे हों सावन घन काले-काले।।**

(a) उपमा (b) श्लेष
(c) यमक (d) उत्प्रेक्षा

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त पद्यांश में उत्प्रेक्षा अलंकार है। इन पंक्तियों में पानी के छिड़कने (उपमेय) में सावन की वर्षा (उपमान) और हाथी (उपमेय) में बादल (उपमान) की संभावना व्यक्त की गई है। उपमेय में उपमान की कल्पना या संभावना होने पर उत्प्रेक्षा अलंकार होता है। इस अलंकार की पहचान मनु, मानो, जनु,जानो आदि शब्दों से होती है।

**191. 'कौशल' का पर्यायवाची नहीं है-**

(a) दक्षता (b) कुशलता
(c) अभ्यागत (d) पटुता

**उत्तर—(c)**

अभ्यागत, कौशल का पर्यायवाची नहीं, बल्कि अतिथि का पर्यायवाची है। अतिथि के अन्य पर्यायवाची हैं- पाहुन, आगंतुक, मेहमान आदि। कौशल के पर्यायवाची हैं- दक्षता, कुशलता, पटुता आदि।

**192. वह तो घर ___________बैठा था।**
**उपर्युक्त वाक्य में रिक्त-स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त अव्यय और उसका भेद होगा-**

(a) के बाहर - स्थानवाचक क्रिया-विशेषण
(b) में - अधिकरण कारक
(c) के सामने- समुच्चयबोधक अव्यय
(d) के भीतर- संबंधबोधक अव्यय

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त वाक्य में रिक्त-स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त अव्यय 'के भीतर' और उसका भेद संबंधबोधक है। जो अव्यय शब्द संज्ञा या सर्वनाम के साथ आकर उनका संबंध वाक्य के अन्य शब्दों से बताता है, उसे संबंधबोधक अव्यय कहते हैं। जैसे- ऊपर, नीचे, पीछे, बाहर, भीतर, बिना, सहित आदि।

**193. निम्नलिखित वाक्य में रिक्त-स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त मुहावरा/लोकोक्ति है -**

**आतंकवाद का मुकाबला _______ नहीं है।**

(a) भीगी बिल्ली होना

(b) बहती गंगा में हाथ धोना

(c) बाएं हाथ का खेल

(d) मक्खी मारना

**उत्तर—(c)**

रिक्त-स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त मुहावरा/लोकोक्ति 'बाएं हाथ का खेल' है।

**194. बीसलदेवरासो के रचयिता का नाम है-**

(a) जगनिक (b) चंदबरदाई

(c) दलपति विजय (d) नरपति नाल्ह

**उत्तर—(d)**

'बीसलदेवरासो' के रचयिता नरपति नाल्ह हैं। जगनिक की रचनाएं परमाल रासो, चंदबरदाई की रचना पृथ्वीराजरासो और दलपति विजय की रचना खुमाण रासो हैं।

**195. 'बाण' के पर्यायवाची के लिए कौन-सा विकल्प उचित है?**

(a) शर, शिलीमुख (b) तीर, विभूति

(c) सायक, वार (d) शर, तोप

**उत्तर—(a)**

'बाण' के पर्यायवाची शब्द हैं तीर, तोमर, विशिख, शिलीमुख, नाराच, शर, इषु, सायक, आशुग आदि।

**196. 'अत्यधिक' का संधि-विच्छेद है-**

(a) अत्या + धिक (b) अत्य + धिक

(c) अति + अधिक (d) अत्य + अधिक

**उत्तर—(c)**

'अत्यधिक' का संधि-विच्छेद 'अति + अधिक' है। इसमें यण संधि है। यण संधि के नियमानुसार, यदि ह्रस्व या दीर्घ इ, उ, ऋ के बाद इनसे भिन्न स्वर आता है, तो इ या ई के स्थान पर 'य', उ या ऊ के स्थान पर 'व' और ऋ के स्थान पर 'र' हो जाता है।

**197. सूफी काव्यधारा के पहले कवि हैं-**

(a) मलिक मुहम्मद जायसी (b) मुल्ला दाऊद

(c) कुतुबन (d) मंझन

**उत्तर—(b)**

सूफी काव्यधारा के पहले कवि मुल्ला दाऊद हैं। इनकी रचना का नाम 'चंदायन' है। चंदायन की भाषा परिष्कृत अवधी है। दूसरे प्रसिद्ध कवि मलिक मुहम्मद जायसी हैं जिनकी सर्वश्रेष्ठ रचना 'पद्मावत' है। कुतुबन की रचना मृगावती एवं मंझन की रचना मधुमालती है।

**198. सिद्ध कवि सरहपा की रचना का नाम है-**

(a) प्राकृत पैंगलम (b) पउमचरिउ

(c) दोहा कोश (d) संदेश रासक

**उत्तर—(c)**

सिद्ध कवि सरहपा की रचना 'दोहा कोश' है। प्राकृत पैंगलम के रचनाकार लक्ष्मीधर, 'पउमचरिउ' के रचनाकार स्वयंभू और 'संदेश रासक' के रचनाकार अब्दुर्रहमान हैं।

**199. रीतिमुक्त कवि कौन हैं?**

(a) देव (b) बिहारी

(c) पद्माकर (d) घनानंद

**उत्तर—(d)**

रीतिमुक्त कवियों में शामिल हैं- घनानंद, बोधा, ठाकुर, आलम और द्विजदेव। रीतिमुक्त कवि वे हैं जो रीति के बंधन से पूर्णतः मुक्त हैं। इन्होंने न तो कोई लक्षण ग्रंथ लिखा, न ही रीति की जानकारी का उपयोग करते हुए काव्य रचना की। बिहारी रीति सिद्ध कवि हैं जबकि देव रीति बद्ध कवि हैं।

**200. निम्नलिखित वाक्य में उद्देश्य-विधेय है-**

**कल हमारे विद्यालय के बच्चों ने नाटक देखा।**

| **उद्देश्य** | **विधेय** |
|---|---|
| A. कल हमारे विद्यालय के | A. कल; नाटक देखा |
| B. कल हमारे विद्यालय के बच्चों ने | B. बच्चों ने नाटक देखा |
| C. बच्चों ने | C. कल हमारे विद्यालय के; नाटक देखा |
| D. हमारे विद्यालय के बच्चों ने | D. नाटक देखा |

(a) A, B (b) B, D

(c) D, A (d) C, C

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त वाक्य में उद्देश्य है 'हमारे विद्यालय के बच्चों ने' और विधेय है 'कल; नाटक देखा'।